हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 133, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 11 नवम्बर, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम मोदी की यूएस यात्रा ने भारत-अमेरिका के संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा : जयशंकर

### द्विपक्षीय संबंधों में आई मजबूती का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ रक्षा क्षेत्र : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के रिश्ते लगातार मजबूत होते जा रहे हैं। दोनों देशों के नेताओं को अक्सर कई वैश्विक मुद्दों को लेकर चर्चा करते देखा जाता है। इतना ही नहीं, अक्सर आम सहमति से दोनों देशों ने कई वैश्विक परेशानियों का तोड़ निकालने का भी प्रयास किया है। इसी कड़ी में एक बार फिर भारत और अमेरिका 2+2 डायलॉग करने जा रहा है। इस मीटिंग में कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। दिल्ली में अमेरिका और भारत के विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता होने वाली है। इस बैठक में शामिल होने के लिए अमेरिकी के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत पहुंच गए हैं।



**रक्षा क्षेत्र रहा मजबूत स्तंभ**- भारत और अमेरिका के 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में रणनीतिक हितों का बढ़ता अभिसरण और रक्षा, सुरक्षा और खुफिया सहयोग में वृद्धि देखी गई है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में आई मजबूती का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ रक्षा क्षेत्र है। आपकी भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और अमेरिका पहले से कहीं अधिक करीब हैं। हम क्षमता के क्षेत्र में और चुनौतियों का समाधान करने वाली साझेदारियों के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। हमारी साझेदारी एक स्वतंत्र, खुले और नियमों से बंधे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।"

**समुद्र से अंतरिक्ष तक फैला सहयोग**- भारत और अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के दौरान, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा, "हम एक बेहद खास समय पर मिल रहे हैं। तत्काल वैश्विक चुनौतियों के सामने, यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं, सामान्य लक्ष्य ढूंढ रहे हैं और अपने लोगों के लिए काम कर रहे हैं। हमने पिछले साल अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के निर्माण में प्रभावशाली लाभ कमाया है और इससे हमें शांति और स्थिरता के लिए और भी अधिक योगदान करने में मदद मिलेगी। हमारे सहयोग का दायरा काफी बड़ा है, यह समुद्र से अंतरिक्ष तक फैला है।"

**इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर रहेगा फोकस**- इस बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "इस साल का मुख्य आकर्षण जून में पीएम की संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा थी, इसने हमारे संबंधों में एक नया अध्याय खोला है। राष्ट्रपति जो बाइडन की सितंबर में दिल्ली की यात्रा ने हमारे संबंधों के सकारात्मक प्रक्षेपवक्र में बहुत योगदान दिया। जी20 शिखर सम्मेलन में उत्पादक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उनका समर्थन महत्वपूर्ण था। एक दूरदर्शी साझेदारी का निर्माण जबकि हम एक साझा वैश्विक एजेंडा का निर्माण करते हैं। 2+2 में, हम क्रॉस-कटिंग रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा संबंधों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान का व्यापक अवलोकन करेंगे। आज हमारी चचाओं का मुख्य फोकस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र होगा।"

## सुप्रीम कोर्ट के परिसर में दिव्यांग चलाएंगे स्पेशल मिट्टी कैफे, सीजेआई चंद्रचूड़ ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के परिसर में आज कुछ खास हुआ है। यहां एक कैफे खोला गया है, जिसकी खासियत यह है कि इसे दिव्यांग कर्मचारी चलाएंगे। 'मिट्टी कैफे' का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने किया। इस दौरान सीजेआई दिव्यांग कर्मचारियों का हाथ पकड़कर उन्हें कैफे की ओर ले जाते दिखे। बता दें, मिट्टी कैफे एक एनजीओ द्वारा शुरू किया गया है, जो विशेष जरूरतों वाले लोगों के साथ काम करता है। उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करता है। मिट्टी कैफे की निदेशक आयशा आलम ने बताया, 'मिट्टी कैफे से विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए रोजगार बढ़ेगा। करीब 500 दिव्यांग 500 दिव्यांग लोग कैफे से सीधे जुड़े हुए हैं और 1200 विकलांग कैफे से जुड़े हैं।' सुप्रीम कोर्ट में मिट्टी कैफे खोलने में मदद करने वालीं वकील प्रिया हिंगोरानी ने कैफे खोलने के लिए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। बता दें, एनजीओ ने साल 2017 में काम करना शुरू किया था। तबसे लेकर अबतक पूरे भारत में 41 ऐसे कैफे खोल चुका है और दिव्यांग लोगों के लिए काम करने के अवसर खोल दिए। एनजीओ की सीईओ-संस्थापक अलीना आलम हैं। एनजीओ को एक महिला नेतृत्व टीम द्वारा चलाया जाता है।

## सीएम योगी ने दिवाली पर दिया तोहफा, फ्री गैस सिलेंडर वितरण अभियान का किया शुभारंभ

लखनऊ। स्वच्छ ईंधन के प्रयोग की प्रवृत्ति बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थियों को महंगाई से फौरी राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को दो निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर (रिफिल) देने के अभियान का शुभारंभ किया। लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सांकेतिक रूप से 10 लाभार्थियों को सब्सिडी की राशि के चेक का वितरण भी किया। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर का लाभ प्रदेश के 1.75 करोड़ परिवारों को मिलेगा और सब्सिडी मद में राज्य सरकार 2,312 करोड़ रुपये व्यय करेगी। योजना के शुभारंभ के मौके पर 54 लाख से अधिक परिवारों के लिए सब्सिडी की राशि तेल कंपनियों के खाते में भेजी गई। योजना के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने लोक कल्याण संकल्प पत्र का भी जिक्र किया। कहा, 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र में दीपावली व होली में मुफ्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की घोषणा की थी, उसी क्रम में आज इस योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। 1.75 करोड़ परिवारों के लिए सरकार 2312 करोड़ रुपये की राशि दे रही है। मुख्यमंत्री ने योजना का लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थियों को आधार प्रमाणित करने करने की नसीहत दी। कहा, अब तक सिर्फ 54 लाख लाभार्थियों ने आधार को बैंक खाते से लिंक किया है। उन्होंने कहा कि सरकार अभी निशुल्क गैस सिलेंडर दे रही है, फरवरी-मार्च में फिर यह सुविधा दी जाएगी। सभी अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करें। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने भी अपने विचार रखे। मुख्य सचिव ने खाद्य एवं रसद विभाग को उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के आधार सत्यापन के लिए ऐप बनाकर अभियान चलाने की नसीहत दी। इस मौके पर खाद्य एवं रसद विभाग के प्रधान सचिव आलोक कुमार, आयुक्त सौरभ बाबू सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब, कमजोर व वंचित लोगों को बीमारी से बचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराया। देश भर में 9.60 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। करीब पचास करोड़ लोगों को पूरे देश में इस योजना का लाभ मिला। उत्तर प्रदेश में ही 1.75 करोड़ परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि धुआं फेफड़े को कमजोर करता है, कोरोना काल में जिनके फेफड़े कमजोर थे वे काल कवलित हो गए। उज्ज्वला योजना ने बहुत से लोगों का जीवन बचाया है। इस मौके पर उन्होंने पूर्व की सरकारों पर भी निशाना साधा। कहा, पहले लोगों को 25-30 हजार रुपये में एलपीजी कनेक्शन मिलता था। रसोई गैस के लिए लंबी लाइन लगती थी। आज सिलेंडर के लिए कोई लाइन नहीं लगती और सब्सिडी की राशि भी सीधे खाते में जा रही है।



## 'प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कल का इंतजार नहीं कर सकते', राज्य की सरकारों को शीर्ष अदालत की नसीहत

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब में भूजल पर भी चिंता जताई। शीर्ष अदालत ने पंजाब में घटते भूजल पर कहा कि राज्य में लगातार पानी का स्तर कम होता जा रहा है। हम वहां एक और रेगिस्तान नहीं बना सकते हैं। राज्य में धान की खेती को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह चाहता है कि खेतों में पराली जलाना बंद हो। न्यायाधीश संजय किशन कौल ने कहा, 'हमने एक कार्यप्रणाली का सुझाव दिया है, आप जो चाहें वैसा करें, लेकिन खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को रोका जाना चाहिए। खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए कुछ आपातकालीन उपायों की जरूरत है।' सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और पंजाब सरकार से पूछा कि वे पंजाब में जल स्तर को सही करने के लिए धान को धीरे-धीरे हटाने के लिए उपाय के रूप में क्या कदम उठा रहे हैं। आज बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसान भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें अधिक जिम्मेदार होना होगा और हमें उनकी जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी होना होगा। लेकिन लोगों को मरने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब में किसान बहुत अच्छी तरह से संगठित हैं और सरकार से पूछा कि वह किसान निकायों से बात क्यों नहीं करती है। उन्हें बढ़ावा क्यों नहीं देती है। प्रदूषण का स्तर कम होना चाहिए, कल का इंतजार नहीं किया जा सकता। वहीं, दिल्ली सरकार ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऑड-ईवन पर नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस पर शीर्ष अदालत ने फटकार लगाई कि इसके काम न करने पर इसे अदालत पर डालने की कोशिश मत करना।



## कृष्णानगर से फिर लड़ूंगी चुनाव और दोगुने अंतर से जीतकर आऊंगी : महुआ मोइत्रा

नई दिल्ली। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और भाजपा सांसद नीशिकांत दुबे के बीच विवाद अब तक नहीं थम सका है। इस बीच, लोकसभा आचार समिति द्वारा "कैश-फॉर-क्वेरी" मामले में उन्हें सदन से निष्कासित करने की सिफारिश के एक दिन बाद शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वह 2024 में बड़े जनादेश के साथ वापस आएंगी। एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी सांसद ने कहा, संसदीय इतिहास में एथिक्स कॉम द्वारा अनैतिक रूप से निष्कासित होने वाले पहले व्यक्ति के रूप में जाने पर गर्व है, जिसके जनादेश में निष्कासन शामिल नहीं है। पहले निष्कासित करें और फिर सरकार से कहें कि वह सीबीआई से सबूत ढूंढने को कहे। कंगारू कोर्ट, शुरू से अंत तक बंदरबांट। महुआ मोइत्रा ने एक और ट्वीट करते हुए लिखा, साथ ही अडानी जी - हर किसी को "महुआ का टिकट कट जाएगा" कहकर अपना समय बर्बाद न करें। जैसे-जैसे आपके ताश के पत्तों का घर खुलता जाएगा, केवल एक चीज जो कट जाएगी, वह है आपका बाजार पूंजीकरण। जैसा कि मैंने कहा कि मैं कृष्णानगर से खड़ी होऊंगी और अपना मार्जिन दोगुना करके वापस आऊंगी। मोइत्रा ने कहा, वे कहते हैं कि किसी अच्छे संकट को कभी बर्बाद मत करो... इससे मुझे 2024 में अपनी जीत का अंतर दोगुना करने में मदद मिली।



## रामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया निमंत्रण

लखनऊ। धर्मनगरी अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित होंगे। शुक्रवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का औपचारिक निमंत्रण दिया। सीएम आवास पर हुई इस भेंट के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'आज जीवन धन्य हो गया है। मन आह्लादित है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सम्मानित पदाधिकारी स्वामी गोविन्ददेव गिरि जी महाराज, श्री चम्पत राय जी एवं श्री राजेंद्र पंकज जी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के नूतन बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु मुझे आमंत्रित किया है। आभार! जय जय सीताराम। बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ से श्री गोरक्षपीठ सतत जुड़ा रहा है। ब्रितानी परतंत्रता काल में श्रीराममंदिर के मुद्दे को स्वर देने का कार्य मुख्यमंत्री योगी के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने किया था। उनके ब्रह्मलीन होने के उपरांत अपने गुरुदेव के संकल्प को महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने अपना बना लिया, जिसके बाद श्री राम मंदिर निर्माण आंदोलन के निर्णायक संघर्ष का सूत्रपात हुआ। 1984 में जब अयोध्या के वाल्मीकि भवन में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ था तो सर्वसम्मति से तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज को अध्यक्ष चुना गया। तब से आजीवन श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के महंत श्री अवेद्यनाथ जी महाराज अध्यक्ष रहे। उल्लेखनीय है कि पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080 (22 जनवरी 2024) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से होने जा रहे इस चिरप्रतीक्षित कार्यक्रम में देश के 4000 से अधिक संत-महात्मा एवं समाज के 2500 प्रतिष्ठित महानुभाव उपस्थित रहेंगे। देश-दुनिया के सनातन आस्थावानों की भावनाएं इस विशिष्ट कार्यक्रम से जुड़ी हैं।



## फिलहाल नहीं लागू होगा ऑड-ईवन नियम, बारिश से हवा में सुधार के बाद दिल्ली सरकार का एलान



नई दिल्ली। अब 13 नवंबर से दिल्ली में ऑड-ईवन नियम लागू नहीं किया जाएगा। दिल्ली में कल रात से हुई बारिश से हवा साफ होने के बाद ऑड-ईवन नियम लागू करने के फैसले को दिल्ली सरकार ने फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अगर आगे स्थिति गंभीर होती है तो इस पर फिर से विचार किया जाएगा। इससे पहले दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन को सही बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया था। सरकार ने एक वैज्ञानिक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार ने बताया कि इससे सड़कों पर भीड़भाड़ कम हुई है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि ऑड-ईवन स्कीम से ईंधन की खपत में 15% की कमी आई है। ऑड-ईवन के दौरान सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ा है। इस मामले में आज यानी शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि डीआईएमटीएस रिपोर्ट के निष्कर्षों ने मोटे तौर पर वाहनों द्वारा योगदान किए गए वायु प्रदूषण में कमी के सकारात्मक प्रभाव का संकेत दिया, इसके अलावा दिल्ली की सड़कों पर भीड़ में कमी के साथ-साथ ऑड-ईवन ड्राइव की अवधि के दौरान सार्वजनिक परिवहन की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई।

## आजम खां के स्कूल को सील करने पहुंची प्रशासन की टीम, छात्राओं की छुट्टी... सामान की शिफ्टिंग शुरू

रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के कब्जे से शिक्षा विभाग की जमीन को मुक्त कराने की मोहलत गुरुवार को खत्म हो गई। स्कूल की ओर से मोहलत की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की गई लेकिन प्रशासन ने इनकार कर दिया। इसके बाद रामपुर पब्लिक स्कूल (आरपीएस) का फर्नीचर और अन्य सामान हटाए जाने का कार्य किया गया। शुक्रवार को स्कूल को सील करने के लिए प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद स्कूली छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद जिला विद्यालय निरीक्षक और बीएसए आरपीएस पहुंचे और स्कूल के सामान की शिफ्टिंग का जायजा लिया। प्रदेश कैबिनेट की 31 अक्तूबर को हुई बैठक में जौहर ट्रस्ट को 30 साल की लीज पर आवंटित शिक्षा विभाग की 41181 वर्ग फुट की जमीन की लीज को खारिज कर दिया था। कैबिनेट से इस फैसले का प्रस्ताव पारित होने के बाद अब इस संबंध में पिछले सप्ताह विस्तृत आदेश जारी कर दिया था। अपर मुख्य सचिव के आदेश के बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी, जिसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने जौहर शोध संस्थान के प्रबंधक को दो नंबबर को नोटिस भी जारी कर दिया था। नोटिस में सात दिन का समय दिया गया था। नोटिस की अवधि बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। बृहस्पतिवार की दोपहर जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार स्कूल पहुंचे, जहां वह करीब घंटे भर तक स्कूल में रहे। इस दौरान उन्होंने रामपुर पब्लिक स्कूल की शिफ्टिंग के काम का जायजा लिया। नोटिस की अवधि पूरी हो जाने के बाद अब प्रशासन किसी भी वक्त स्कूल की बिल्डिंग पर अपना ताला लगा सकता है। सपा सरकार में आजम खां के मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को शिक्षा विभाग की 41181 वर्ग फुट जमीन 30 साल की लीज पर दी गई थी, जिसके बाद यहां से जिला विद्यालय निरीक्षक के दफ्तर को खाली कराया गया था और फिर इस भवन में ट्रस्ट की ओर से रामपुर पब्लिक स्कूल का संचालन किया जाने लगा। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने इस मुद्दे को उठाया था। साथ ही शासन से भी इस मामले की शिकायत की थी,जिसके बाद शासन से लेकर प्रशासन तक एक्टिव हो गया था। डीएम की रिपोर्ट के बाद शासन ने दो दिन पहले कैबिनेट की बैठक में इस जमीन को वापस लेने का फैसला लिया था।



## जेल में ही मनेगी संजय सिंह की दिवाली, दिल्ली की अदालत ने 24 नवंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत को 24 नवंबर तक बढ़ी दिया है। साथ ही अदालत में पेश कर वक्त उनके वकील ने विकास कार्य के फंड के लिए हस्ताक्षर संबंधित दो सहमति पत्र दाखिल किया था, जिसके लिए अदालत ने मंजूरी दे दी है। वहीं, दूसरी ओर मानहानि मामले में पंजाब से प्रोडक्शन वारंट को भी शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। जिस पर कोर्ट ने संजय सिंह को पंजाब के अमृतसर की अदालत में पेश करने की भी इजाजत दे दी है। बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद आप के राज्यसभा सदस्य ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आप नेता ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। बता दें कि ईडी ने बीते महीने 4 अक्टूबर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

## संपादकीय

# सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले को जल्द निपटारे के लिए दिशानिर्देश जारी

संसद और विधानसभाओं को आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों से मुक्त करने के लिए बातें करने में शायद ही कभी कमी की गई हो, मगर जमीनी स्तर पर क्या किया गया है, वह विधायिका में ऐसे प्रतिनिधियों की मौजूदगी से पता चलता है। हालत यह है कि ऐसे नुमाइंदों पर जो मुकदमे चलते रहते हैं, उनकी सुनवाई की रफ्तार भी ऐसी होती है कि वर्षों तक उनके सांसद या विधायक बने रहने की स्थिति पर आंच नहीं आती। ऐसे दागी जनप्रतिनिधियों के मुकदमों के निपटारे को लेकर अक्सर सवाल उठने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है। हालांकि इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय पहले भी चिंता जता चुका है, मगर गुरुवार को अदालत ने फिर इसे लेकर सख्त रुख अख्तियार किया और सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले के जल्द निपटारे पर कई दिशानिर्देश जारी किए। यों शीर्ष अदालत ने निचली अदालतों को एक जैसा दिशानिर्देश देने को मुश्किल बताया, लेकिन यह साफ कहा कि ऐसे मामलों के लिए उच्च न्यायालयों में एक विशेष पीठ गठित की जाए; निचली अदालतें सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान लें। दरअसल, ऐसे ज्यादातर मामलों में लेटलतीफी देखी जाती रही है और कई बार इसका मजबूत कारण नहीं होता है। इच्छाशक्ति के अभाव में मुकदमे लंबे समय तक लटकते रहते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाई कोर्ट आपराधिक मामलों में सांसदों-विधायकों के खिलाफ मुकदमों की स्थिति पर रिपोर्ट के लिए विशेष निचली अदालतों को बुला सकते हैं। इसके अलावा, केवल दुर्लभ कारणों को छोड़ कर संसद सदस्यों, विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित नहीं की जाएगी। इस क्रम में पर्याप्त बुनियादी ढांचा और तकनीकी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। कहा जा सकता है कि इस समस्या को लेकर लंबे समय से सिर्फ चिंता जताने से आगे अब सुप्रीम कोर्ट के ये निर्देश समाधान की ओर बढ़ते कदम हैं। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार और संबंधित महकमे इन दिशानिदेर्शों पर अमल के लिए कितनी इच्छाशक्ति रखते हैं। अपराध की दुनिया से चल कर संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले लोगों की वजह से समूची व्यवस्था के दूषित होने को लेकर जताई जाने वाली चिंता के समांतर एक सवाल यह है कि इस प्रवृत्ति को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर क्या किया जा रहा है। देश की राजनीति में हाथ आजमा कर संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के आंकड़े अक्सर सामने आते रहते हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर ने अपनी एक रपट में बताया था कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप वाले मामलों की संख्या पच्चीस फीसद है। उच्चतम न्यायालय की ताजा सख्ती के बाद अगर कोई ठोस पहलकदमी होती है, एक व्यवस्था बनती है तो इनसे संबंधित मुकदमों का त्वरित निपटारा हो सकता है। मगर सवाल है कि अपराधों में लिप्त रहने के स्पष्ट आरोपों के बावजूद सांसद या विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ने की इजाजत से संबंधित नियम-कायदों के रहते इस समस्या से कैसे पार पाया जा सकेगा! हत्या या बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के कई आरोपी बाकायदा किसी मुख्यधारा की पार्टी से टिकट लेते हैं, नामांकन के दौरान स्पष्ट घोषणा के साथ चुनाव लड़ते हैं, लेकिन उन्हें राजनीतिक दलों से लेकर चुनाव आयोग तक की ओर से रोका नहीं जा पाता। जाहिर है, आपराधिक छवि के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने को लेकर स्पष्ट नियम-कायदे तय किए बिना संसद और विधानसभाओं को दागी नुमाइंदों से मुक्त करना मुश्किल बना रहेगा।

## है साधा निशाना!



पार्टी पर अपनी ही ।
है साधा निशाना ।।
चाह रहे हैं लगता ।
नया कुछ बताना ।।
हो रहे गुमराह ।
बस केवल विरोध ।।
बेवजह बेमतलब ।
हैं खुद ही अवरोध ।।
देखते ये कितना ।
आता ज्ञान काम ।।
है भरी बस नफरत ।
लेकर एक नाम ।।
हो कैसे सुधार ।
इस पर नहीं विचार ।।
सोचते बस केवल ।
बन जाए सरकार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# दीप जले दीपावली आई - धनतेरस ने किया दीपावली पर्व का आगाज

वैश्विक स्तरपर अगर हम गहराई से देखें तो भारत में करीब करीब हर दिन किसी न किसी पर्व को मनाने का होता है। कभी सामाजिक, जाति, धार्मिक तो कभी राष्ट्रीय तो कभी चुनावी पर्व मनाने का दिन होता है, जिसका एक महत्वपूर्ण भाव अनेकता में एकता है, इसके कारण ही भारत एक विशालकाय जनसंख्या वाला देश विभिन्न धर्मो जातियों उपजातियां के बीच सर्वधर्म सद्भाव के प्रेम से संजोया हुआ एक खूबसूरत गुलदस्ता है,इसीलिए ही हर धर्म समाज का पर्व हर दिन आना स्वाभाविक है। परंतु उन कुछ पर्वों में से धनतेरस से दीपावली भी और फिर छठ महापर्व एक ऐसा खूबसूरत त्यौहार पर्व है जिसे भारत में ही नहीं पूरी दुनियां में बसे भारतवंशियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत आज 10 दिसंबर 2023 से हो गई है जो 5 दिन तक बड़ी सौहार्दपूर्ण के साथ और खुशियों के साथ मनाया जा रहा है, फिर अब दीपावली के छठवें दिन से छठ पर्व मनाया जाएगा, जो धार्मिक आस्था का खूबसूरत प्रतीक है। चूंकि दीप जले दीपावली आई, धनतेरस ने दीपावली का आगाज कर दिया है और पांच दिवसीय दीपावली पर्व का धनतेरस के भावपूर्ण स्वागत से शुरू हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के हर देश में बसे भारतवंशी धनतेरस से भाई दूज तक फिर छठ के महात्योहार में खुशियों से सराबोर होंगे।

साथियों बात अगर हम दीपावली महापर्व की शुरूआत आज धनतेरस 10 नवंबर 2023 से शुरू होने की करें तो, दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत्सव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है।धनतेरस इस बार आज 10 नवंबर को मनाई गई है।



कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई है। पौराणिक मान्यताओं में यह बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन से भगवान धनवंतरी प्रकट हुए थे और उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। उन्हें विष्णु भगवान का अवतार माना जाता है। धनतेरस को उनके प्राकट्योत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेरजी और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और सोने-चांदी के अलावा बर्तनों की खरीद करते हैं। धनतेरस को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है और आपको धन की कमी नहीं होती। त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर होगा और अगले दिन 11 नवंबर को दोपहर में 1 बजकर 57 मिनट पर समाप्त होगी। धनतेरस का त्योहार प्रदोष काल में मनाया जाता है, इसलिए यह शुक्रवार को 10 नवंबर को हुआ।

साथियों बात अगर हम पांच दिवसीय दीपावली महापर्व की करें तो (1) पहला दिन - पहले दिन को धनतेरस कहते हैं। दीपावली महोत्सव की शुरूआत धनतेरस से होती है। इसे धन त्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज, धन के देवता कुबेर और आयुवेर्दाचार्य धन्वंतरि की पूजा का महत्व है। इसी दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे और उनके साथ आभूषण व बहुमूल्य रत्न भी समुद्र मंथन से प्राप्त हुए थे। तभी से इस दिन का नाम 'धनतेरस' पड़ा और इस दिन बर्तन, धातु व आभूषण खरीदने की परंपरा शुरू हुई। (2) दूसरा दिन - दूसरे दिन को नरकचतुर्दशी रूप चौदस और काली चौदस कहते हैं। इसी दिन नरकासुर का वध कर भगवान श्रीकृष्ण ने 16,100 कन्याओं को नरकासुर के बंदीगृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था। इस उपलक्ष्य में दीयों की बारात सजाई जाती है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि इस दिन सूर्योदय से पूर्व उबटन एवं स्नान करने से समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन से एक ओर मान्यता जुड़ी हुई है जिसके अनुसार इस दिन उबटन करने से रूप व सौंदर्य में वृद्धि होती है। (3) तीसरा दिन - तीसरे दिन को दीपावली कहते हैं। यही मुख्य पर्व होता है। दीपावली का पर्व विशेष रूप से मां लक्ष्मी के पूजन का पर्व होता है। कार्तिक माह की अमावस्या को ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं जिन्हें धन, वैभव, ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि की देवी माना जाता है। अतः इस दिन मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए दीप जलाए जाते हैं ताकि अमावस्या की रात के अंधकार में दीपों से वातावरण रोशन हो जाए।दूसरी मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान रामचन्द्रजी माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास समाप्त कर घर लौटे थे।श्रीराम के स्वागत हेतु अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाए थे और नगरभर को आभायुक्त कर दिया था। तभी से दीपावली के दिन दीप जलाने की परंपरा है। 5 दिवसीय इस पर्व का प्रमुख दिन लक्ष्मी पूजन अथवा दीपावली होता है।इस दिन रात्रि को धन की देवी लक्ष्मी माता का पूजन विधिपूर्वक करना चाहिए एवं घर के प्रत्येक स्थान को स्वच्छ करके वहां दीपक लगाना चाहिए जिससे घर में लक्ष्मी का वास एवं दरिद्रता का नाश होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा द्रव्य, आभूषण आदि का पूजन करके 13 अथवा 26 दीपकों के मध्य 1 तेल का दीपक रखकर उसकी चारों बातियों को प्रज्वलित करना चाहिए एवं दीपमालिका का पूजन करके उन दीपों को घर में प्रत्येक स्थान पर रखें एवं 4 बातियों वाला दीपक रातभर जलता रहे, ऐसा प्रयास करें। (4)चौथा दिन - चौथे दिन अन्नकूट या गोवर्धन पूजा होती है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट उत्सव मनाना जाता है। इसे पड़वा या प्रतिपदा भी कहते हैं। खासकर इस दिन घर के पालतू बैल, गाय, बकरी आदि को अच्छे से स्नान कराकर उन्हें सजाया जाता है। फिर इस दिन घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन बनाए जाते हैं और उनका पूजन कर पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि त्रेतायुग में जब इन्द्रदेव ने गोकुलवासियों से नाराज होकर मूसलधार बारिश शुरू कर दी थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गांववासियों को गोवर्धन की छांव में सुरक्षित किया। तभी से इस दिन गोवर्धन पूजन की परंपरा भी चली आ रही है। (5) पांचवां दिन - इस दिन को भाई दूज और यम द्वितीया कहते हैं। भाई दूज, पांच दिवसीय दीपावली महापर्व का अंतिम दिन होता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने और भाई की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन को अपने घर बुलाता है जबकि भाई दूज पर बहन अपने भाई को अपने घर बुलाकर उसे तिलक कर भोजन कराती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है।

# दीवाली मनायें पर मिलावटी मिठाइयों बिना

दीपावली और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा ही माना जा सकता है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक झदो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण से घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना ही होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयों को बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली।

मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहरी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी जी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावे बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं।

बेशक पर्वों व खास अनुष्ठानों में मिठाई का बहुत महत्व होता है। दैनिक जीवन में मिठाई का सेवन भोजन के बाद किया जाता है। कुछ राज्यों में भोजन के पूर्व ही मिठाई पेश करने का रिवाज है। कुछ मिठाइयों को खाने का समय भी तय होता है जैसे जलेबी सुबह के समय खाई जाती है, तो रबड़ी रात में क कुछ मिठाइयां पर्वों से संबंधित होती हैं, जैसे गुझिया उत्तर भारत में होली पर बिकती है और पूर्वी भारत मे तीज के पर्व पर हर घर मे बनाई जाती है। उत्तर भारत में कलाकंद, काजू कतली, कालाजाम, गुलाब जामुन, घेवर, चमचम, जलेबी, बर्फी, तिलकुट, दाल हलवा, नारियल बफी, मिल्क केक, परवल की मिठाई, पेठा, पेड़ा, फीरनी वगैरह मिलती हैं। बताइये कि कौन सा इंसान होगा जिन्हें ये मिठाइयां पसंद न हो? इनका नाम सुनते ही मुहं से लार टपकने लगता है। पर दीपावली के मौके पर ये कितनी शुद्ध रूप से बनाई जाती हैं इसकी कोई गारंटी नहीं है। किसे नहीं पता कि दिवाली पर हमारे यहां मिलावट का बाजार खूब फलता फूलता है। बाजारों में आपको खाने पीने की चीजों में सबसे ज्यादा मिलावट मिलेगी। दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देश भर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है। ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसके इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमिनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वांशिग पाउडर छूटकर मिला देते हैं। घी में जानवरों की चर्बी मिला दी जाती है। मावा भी पूर्णतः मिलावटी होता है। मावा में सबसे ज्यादा मिलावट की जाती है। इसकी पहचान करने के लिए फिल्टर पर आयोडीन की दो ड्रॉप डालें। अगर रंग काला हो जाए तो माल लें कि इसमें मिलावट है। अगर खोया बहुत दानेदार है तो समझो इसमें भी किसी तरह की मिलावट की गई है। शुद्ध खोया एकदम चिकना होता है। इसी तरह से मिठाई में कलर की भी खूब मिलावट भी बेशर्मी से की जाती है। इसलिए रंग बिरंगी मिठाई खाने-खरीदने से बचें। जान लें कि कलर वाली मिठाई को हाथ में लेकर चेक करें। अगर हाथ में रंग नहीं लग रहा तो रंग की मिलावट नहीं है। आपके लिए एक ये भी सलाह है कि मिठाई खरीदने से पहले चख लें। इस दौरान आपके बहुत सारे आपके शुभचिंतक आपको सही ही कहने लगते हैं कि आप मिठाइयों का सेवन कम या न करें। मतलब दीपावली पर भी मिष्ठान न खाएं। मिष्ठान हर भारतीयों की कमजोरी है। ये इस तरह की कमजोरी है जिससे किसी को हानि नहीं होती, यदि शुद्धत्ता बरती जाये। कहीं न कहीं कमी तो सरकारी महकमों की भी है जो मिलावट खोरों पर पूरी तरह शिकंजा नहीं कस पाते। एक बार जब मैंने इस विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने इसका कारण फूड इंस्पेक्टरों की कमी बताया। यदि कमी है पूरी करो । निर्दोष जनता को क्यों मारते हो?

भारतीय मिष्ठान शक्कर, अन्न,दूध और घी के अलग-अलग प्रकार से पकाने और मिलाने से बनती हैं। खीर और हलवा सबसे सामान्य मिठाइयां हैं जो प्रायः सभी के घरों में बनती हैं। इसके अतिरिक्त लड्डू, पेड़े, बर्फी और गुजिया भी घरों मे बनती हैक पर ज्यादातर मिठाइयां बाजार से ही खरीदी जाती हैं। भारत की संस्कृति के ही अनुसार यहां हर प्रदेश की मिठाई में भी विभिन्नता है। उदाहरण के लिए बंगाली मिठाइयों में छेने या पनीर की प्रमुखता है तो पंजाबी मिठाइयों में खोये की। उत्तर भारत की मिठाइयों में दूध की प्रमुखता है तो दक्षिण भारत की मिठाइयों में अन्न और नारियल की। यकीन मानिए कि कभी-कभी मन उदास सा हो जाता है कि दिवाली पर अधिकतर देशवासियों को शुद्ध मिठाइयां नहीं मिल पाती है। यह एक घोर निराशा की स्थिति है। सरकार को मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी लापरवाही से अच्छा भला सेहतमंद व्यक्ति मिलावटखोरों की चंगुल में फंसकर स्थायी रूप से बीमार होता जा रहा है। उन सरकारी अफसरों पर भी करवाई होनी चाहिए जो मिलावटखोरों पर एक्शन नहीं ले पाते। कई तो मिलावटखोरों की घूस खाकर मोटे होते जा रहे हैं। आखिर देश की संसद मिलावटखोरों को मौत या उम्र कैद की सजा देने के बिन्दु पर क्यों नहीं विचार करता ?

# भारत अमेरिका जिगरी दोस्त साथ-साथ प्रौद्योगिकी, रक्षा व विकास पर टू प्लस टू बात

वैश्विक स्तरपर भारत अमेरिका के बढ़ते प्रगाढ़य संबंधों पर पूरी दुनियां की नजरें लगी हुई है, क्योंकि हर देश आज समझ चुका है कि भारत को साथ लिए बिना वैश्विक मंचों पर कोई निर्णय लेना सटीक नहीं होगा।अब तो जी-20 में भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ जिसमें 49 देश शामिल है को भी, जी 20 में 21 वां सदस्य बनाया गया है जिसके कारण भारत दक्षिण एशिया का लीडर बनकर उभर रहा है और जी-20 में मध्य पूर्व यूरोपीय आर्थिक गलियारा स्थापित करने को भी घोषणा की गईहैसर्वेविदृत है कि भारत अमेरिका पिछले कुछ वर्षों से अनेकों कार्य मिलकर रणनीतिक साझेदारी के तहत कर रहे हैं, अनेकों मुद्दों पर विदेश, रक्षा प्रौद्योगिकी मंत्री सहित दोनों देशों के प्रमुख समकक्ष वार्ता करते रहते हैं। जैसे वर्ष 2018 से भारत अमेरिका में टू प्लस टू वार्ता भी होती रही है इसी कड़ी में भारत के सबसे पवन पर्वों में से एक धनतेरस के दिन यानें 10 नवंबर 2023 को अमेरिकी विदेश, रक्षा मंत्री की भारतीय समकक्ष के साथ टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया है जिसके विस्तृत सकारात्मक दूरगामी परिणाम निकलने की संभावना है। धनतेरस का दिन सबसे शुभ माना जाता है क्योंकि पंच-पर्व दीपावली का पहला पर्व धनतेरस इस बार पराक्रम योग के साथ शुक्रवार, 10 नवम्बर को मनाया जाएगा। इस दिन शुक्र प्रदोष भी रहेगा, जिस कारण से शुक्र प्रदोष और धन त्रयोदशी का महासंयोग बन रहा है। साथ ही विष कुंभ योग भी है। त्रयोदशी तिथि 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 11 नवंबर को दोपहर 01 बजकर 58 तक रहेगी। यदि प्रदोष काल, स्थिर लग्न यानि वृषभ लग्न के दौरान धनतेरस पूजा की जाये तो लक्ष्मीजी घर में ठहर जाती है। चूंकि इस शुभ अवसर पर दोनों जिगरी दोस्त मिल बैठ करटू प्लस टू वार्ता कर रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़य करने 2018 से टू प्लस टू वार्ता के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आते रहे हैं।

साथियों बात कर हम भारत अमेरिका के 10 नवंबर 2023 को टू प्लस टू वार्ता की करें तो, दोनो के बीच इस सप्ताह टू प्लस टू वार्ता होने जा रही है। दोनों देशों के बीच यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब चीन ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी दादागीरी को तेज कर दिया है। एक अमेरिकी विशेषज्ञ के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता दोनों देशों की वैश्विक साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए उनके साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करने के वास्ते एक मंच के रूप में काम करेगी। यह बैठक इस सप्ताह नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ इस सप्ताह पांचवीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए भारत जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि ब्लिंकन और ऑस्टिन अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय एवं वैश्विक चिंताओं एवं हिंद-प्रशांत में जारी गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया इनिशिएटिव्स की निदेशक ने कहा कि एक जटिल और लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में यहसंवाद अमेरिका और भारत की वैश्विक साझेदारी और एक स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत के लिए उनकी साझा दृष्टि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के मंच के रूप में काम करेगा। दोनों पक्ष हिन्द प्रशांत क्षेत्र सहित रक्षा उपकरणों के विकास से संबंधित संयुक्त उपक्रमों पर भी बातचीत करेंगे।

# यह कैसी विडम्बना है कि जो खिलायें वही बिना खाये रह जाय

70 वर्षो से देश व प्रदेश में पीडीएस सिस्टम लागू हैं। तब से आज तक राशन डीलरो की हालत वैसी की वैसी है। उनसे काम तो ऐसे लिया जाता है कि जैसा वह सरकारी कर्मचारी हो। ऐसा कहे कि सरकारी कर्मचारी भी इतना मेहनत और ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हैं। 6 पैसे से इसकी कहानी शुरू हुई 1956 में और आज 90पैसे पर आकर रुक गई है। अन्य विभाग 60 रुपए तन्खाह से आज के दौर में एक लाख रुपए तनख्वाह हो गई है। आज के दौर में अब की सरकारें इसी योजना के भरोसे चुनाव जीत रहे हैं। मुफ्त की रेवड़ी बंटाकर वोट की चोट कर रहे हैं।और जो जन जन तक इस खाद्यान्न को लोगों तक पहुंचा रहा है उसके और उसके परिवार के लोग भुखे सो रहे हैं। वर्तमान सरकार भरे मंच से भाषण देंगे कि इसी आनाज वितरण से 16%वोट हमें मिला है और हमारी सरकार बनी। लेकिन कभी यह नहीं कहा कि यह जो लोग द्वारा इस खाद्यान्न या इस योजना को लोगों तक पहुंचा जा रहा है उनका उनके परिवार का क्या हाल है।इनके बारे मे सोचे।आज के इस मंहगाई की दौर में 90पैसे कुन्तल में उनके परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा जिनको सरकार द्वारा 50कुन्तल खाद्यान्न वितरण के लिए दिया जा रहा है।90पैसे के हिसाब से 4500रुपए में क्या वह अपने बच्चों को पढा लिखा सकेंगा कि उनको पेट भरने के लिए खाना दे पायेगा। मजबूरी मे गलत रास्ते अपनाएगा।तो उसको बदनामी झेलनी पढ रही है। लेकिन इसमें उसका क्या कसूर है। बच्चों का पेट भरे कि तो भुखे सोलाये। लेकिन ऐसा कब तक चलेगा।मंच से लोग आते है लम्बा चौड़ा भाषणों की लाइनें लगा कर पेट भर वहां से चले जाते हैं।बाद कुछ नही होता है।राशन डीलर वही का वही पढा रह जाता है।एक दौर करौनाकाल का ऐसा आया कि लोग लोगों से बात करने को तैयार नहीं थे।छूने की बात छोड़िए उस दौरान यही कोटेदार सबका अंगूठा लगवाकर महीने में दो बार खाद्यान्न वितरण किया है। यह तो ऊपर वाला ही उन सबका मददगार हुआ कि आज लोग सुरक्षित है। इस पर कितने लोग इसी वितरण में अपने परिवार को छोड़कर बहुत दूर चले गए जो कभी नहीं आने वाले हैं।क्या कसूर था उनका और यह सरकारें एक शब्द भी इन लोगों के लिए नही कहा।उनको तो बस वोट चाहिए चाहे उसके बदले मे देश खत्म हो जाय। लेकिन एक बात सत्य है सामने से जुल्म करनेवाला कितना भी ताकतवर हो। लेकिन जुल्म सहने वाले की धैर्य जब जबाब दे देता है और यह उसके सामने खडा हो जाता है।तो उस जुल्म करनेवाला को खत्म कर देता है।आने वाला समय यही कह रहा है।

**लेखक**
**गिरीश तिवारी**
**राष्ट्रीय सचिव**

# डीएम ने विद्युत उपभोक्ताओं से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ लेकर बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने का किया अपील



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि0 द्वारा दिनांक 08 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक लागू एकमुश्त समाधान योजना (ओ०टी०एस०) के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में कल देर सांय बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही एकमुश्त समाधान योजना को जनहित में बताते हुए कहा कि इससे विद्युत बिल बकाया का भुगतान करने में उपभोक्ताओं को आसानी होगी एवं उन्हें विशेष छूट का लाभ भी मिलेगा। इसमें उनके बिलों में विलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट का प्राविधान है। जिलाधिकारी ने जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि एकमुश्त समाधान योजना में समस्त विद्युत भार के एल०एम०वी०-1 (घरेलू), एल०एम०वी-2 (वाणिज्यिक), एल०एम०वी०-4बी(निजी) संस्थान), एल0एम0वी0-5 (निजी नलकूप) एवं एल०एम०वी०-6 (औद्योगिक) श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट हेतु दिनांक 08 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक तीन अवधियों में एकमुश्त समाधान योजना (ओ०टी०एस०) एवं चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु योजना लागू की गयी है। इस योजना में लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अपना पंजीकरण वेबसाईट के माध्यम से स्वयं कर सकते है, जिस पर छूट सम्बन्धी सभी सूचनाऐं ऑनलाईन प्रदर्शित होगी। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता किसी भी विभागीय खण्ड/उपखण्ड कार्यालय अथवा किसी भी विभागीय कैश काउण्टर पर जाकर पंजीकरण करा सकते है व छूट सम्बन्धी सूचना प्राप्त कर सकते है। पंजीकरण के समय ही उपभोक्ता अपने शेष बकाये को एक साथ अथवा किश्तों में जमा करने के विकल्प का चयन कर भुगतान कर सकता है। दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक अर्थात योजना की प्रथम अवधि में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ता को अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। बकाये का एकमुश्त भुगतान करने वाले पंजीकृत उपभोक्ताओं को वर्तमान बिल के साथ बकाया राशि जमा करने हेतु अधिकतम 30 दिन का समय दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के विरूद्ध आर०सी० निर्गत है उनको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना में विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट का प्राविधान भी किया गया है। इस प्रकार का लाभ चोरी के प्रकरणों में पहली एवं अंतिम बार दिया जा रहा है। इस योजना के अर्न्गत विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरण भी समाधान हेतु अर्ह होगें। उपभोक्ताओं के बिल संशोधन के लिए नियमित रूप से विभिन्न क्षेत्रों में कैम्पों का आयोजन भी किया। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ता को दिन निर्धारण राशि का 10 प्रतिशत पंजीकरण राशि के रूप में जमा करना होगा इसके पश्चात शेष राशि (छूट के बाद) को एक मुश्त अथवा तीन किस्तों में जमा कर सकेगें। उन्होंने बताया कि नियमित विद्युत संयोजन वाले उपभोक्ता आएंगे जिनके परिसर में चेकिंग के दौरान अनियमितता पाए जाने पर उनके विरुद्ध राजस्व निर्धारण कर बिल निर्गत किया गया है। अस्थाई रूप से विच्छेदित बकायदाओं के प्रकरण तथा विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों में भी समाधान हेतु पात्र होंगे, जिन उपभोक्ताओं के विरुद्ध आरसी निर्गत है उनको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि शासन व कारपोरेशन की इस महत्वाकांक्षी योजना में लाभ लेने हेतु अविलम्ब पंजीकरण कराते हुए छूट का लाभ उठायें। योजना की वृहद एवं पूर्ण जानकारी नचचबसण्वतह वेबसाईट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत रणधीर कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी धनतेरस के दिन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन और किया गया पुरस्कृत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानी थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव चौराहा आनंदीपुर मगनदीवाना पहाड़ पर आज दिन शुक्रवार को यदुवंशी स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में धनतेरस के दिन प्रत्येक वर्ष के भाती इस वर्ष भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कमलेश यादव इंजीनियर के अध्यक्षता में किया गया मुख्य अतिथि राम मनोहर उर्फ गुड्डू जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि विजय कुमार यादव सपा जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं मुमताज अहमद सपा अहरौरा नगर अध्यक्ष और अंग वस्त्रम एवं माल्यार्पण से स्वागत भी किया गया वही दौड़ तीन चरण में किया गया प्रथम चरण में 5 कि.मी. द्वितीय चरण में 3 कि.मी.तृतीय चरण में 1600 मी. 5 कि.मी. में प्रथम स्थान अरविंद यादव खाजगीपुर जिला मिजार्पुर,3 कि.मी. में प्रथम स्थान बाबूलाल राजभर सोनभद्र,1600 मी.मे चैंपियन यादव प्रथम स्थान गाजीपुर तीनों चरण के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रेंजर साइकिल पुरस्कृत किया गया और द्वितीय विजेता को



फरार्टा पंखा ,तृतीय विजेता को प्रेस, चतुर्थ विजेता को मेडल व शील्ड, पंचम विजेता को मेडल व शील्ड पुरस्कृत किया गया संचालन डॉक्टर सुरेश यादव ने किया इस दौरान विकास यादव प्रधान मदापुर,राजू यादव सपा नेता,विमलेश यादव प्रधान अमरा, संरक्षक उमेश यादव,जितेंद्र यादव, विमल यादव,सोनू कुमार बिन्द, राजकुमार यादव,हरेंद्र यादव,विपिन यादव, शेषनाथ यादव,डब्लू यादव,बेनी विश्वकर्मा,सलवंत यादव, प्यारे लाल यादव ,अजय यादव आदि रहे।

## आईटीएम के छात्रों द्वारा प्रदूषण एवं तेज आवाज रहित बनाया पटाखा

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर के छात्रों ने वायु प्रदुषण एवं तेज आवाज वाले पटाखों पर रोक को देखते हुए प्रदूषण रहित पटाखा बनाया हैं ` आईटीएम के चार छात्र प्रशांत शर्मा, अंशु सिंह, आकाश निषाद और अनुराग कुमार सिंह ने मिलकर ऐसे पटाखे बनाये हैं जो प्रदूषण रहित है ये पटाखें बिजली से चार्ज होते है और रिमोट की सहायता से संचालित होते है प्रशांत ने बताया हम लोंगो ने प्रदुषण रहित पटाखे को अभी एक चटाई पटाखे, के रूप मे डिजाइन किया है जो रिमोट का बटन एक बार दबाने पर एक सैकेंड मे लगभग 10 बार तेज स्पार्क के साथ आवाज करता है इस प्रदुषण रहित पटाखे को बढ़ते प्रदुषण व बच्चों की पटाखों से सुरक्षा को ध्यान मे रख कर बनाया गया है ' इन पटाखों को बनाने मे लगभग दो हजार से तीन हजार की कीमत आई हैं` लेकिन जब



हम इसे अधिक मात्रा मे तैयार करने पर इसकी कीमत और कम हो जाएगी इसके साथ ही इस पटाखे को आप कई वर्षों तक इस्तेमाल कर सकेंगे`संस्थान के निदेशक डॉ एन. के. सिंह ने बताया छात्रों के नई तकनीकी एवं आईडिया से हम चाइनीज प्रोडक्ट को भी पीछे कर सकतें है` छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये कॉलेज प्रशासन हर संभव मदद करेगा जिससे प्रोडक्ट को बाजार मे लाया जा सके` इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक फार्मेसी डॉ पी डी पाण्डा डॉ नरेंद्र सिंह डॉ आर एल श्रीवास्तव संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह,डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, कुलसचिव डॉ एस के पाण्डेय,उपकुलसचिव के एन प्रसाद सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दिया।

## अष्टम आयुर्वेद दिवस पर हर हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर रैली के साथ हुए विभिन्न आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अष्टम आयुर्वेद दिवस 10 नवम्बर 2023 जिसकी थीम हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद कार्यक्रम के अर्न्तगत आम जन मानस में जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। यह रैली रायफल क्लब गाजीपुर से प्रातः 9.30 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती सपना सिंह एवं संतोष कुमार वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न स्कूलों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं राजकीय सिटी इण्टर कालेज तक अपनी सहभागिता की।



कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकीय सिटी इण्टर कालेज के राजदीप सभागार में धनवन्तरी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन डा० जयन्त कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डा० सुबोध त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, तथा दिनेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय सिटी इण्टर कालेज, गाजीपुर द्वारा किया गया। अन्य कार्यक्रमों में मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं क्रमशः भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं करायी गयी। भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की आद्वया रघुवंशी एवं विजय लक्ष्मी प्रजापति, तथा तृतीय स्थान पर आर्दश इण्टर कालेज के रितेश यादव रहें। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय सिटी इण्टर कालेज के श्याम कृष्ण भारत, द्वितीय व तृतीय स्थान पर कमशः आर्दश इण्टर कालेज महुआबाद के आदित्य कुमार सिंह व मनीष कुमार राय रहे। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर राजकीय सिटी इण्टर कालेज के कमशः अत्रिदेव, प्रदीप यादव (शिवम कुशवाहा व हैप्पी सिंह) रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में भी राजकीय सिटी इण्टर कालेज के कमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर प्रिंस गुप्ता, आदित्य लाल जोशी व शनि भारती रहे। निर्णायक मण्डल के रूप में अविनाश कुमार, स०अ०, श्रीमती शशिबाला यादव स०अ०, एवं डा० समीक्षा वरनवाल एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में राम सिंहासन सिंह कुशवाहा, स०अ०, जितेन्द्र यादव, स०अ०, विभूति नारायण तिवारी, वरिष्ठ सहायक, दीपक सिंह, क० स०, पंकज मिश्रा, क०स० आदि के साथ राजकीय सिटी इण्टर कालेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

## सफाई कर्मचारियों की लापरवाही और जिम्मेदारों की अनदेखी से गंदगी में जीने को मजबूर है ग्रामीण

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। विकासखंड सहजनवा के ग्राम पंचायत गनौरी के टोला सिंघावलिया में तैनात सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के संदर्भ में डीपीआरओ से हुई शिकायत। मिली जानकारी से ग्रामसभा गनौरी के सिधवलिया निवासी अनिल पाण्डेय ने ग्राम सभा में तैनात सफाई कर्मियों कि लापरवाही कि शिकायत डीपीआरओ को से लिखित शिकायत कि है। शिकायत ने लिखा ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों के ना आने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण ग्राम सभा में गंभीर जानलेवा बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा है। ग्रामीण में ग्राम सभा में साफ सफाई करने तथा तैनात कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है इस बाबत बात करने पर खंड विकास अधिकारी सहजनवां रमेश कुमार शुक्ला ने मीटिंग में होने का हवाला देकर कुछ भी कहने से मना कर दिया।

## भाकपा माले व अन्य ने फिलीस्तीन में शांति बहाली के लिए दिया 7 सूत्रीय पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। फिलीस्तीन के पक्ष में खड़ा रहने के भारत सरकार की 75 साल पुरानी नीति के उलट मोदी सरकार इजरायल के पक्ष में खड़ी है इसके खिलाफ गाजीपुर जिला मुख्यालय पर विपक्षी दलों एवं संगठनों के नेताओं ने प्रतिवाद कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि आजादी के बाद से ही भारत सरकार फिलीस्तीन के मुक्ति के पक्ष में रहा है लेकिन इधर मोदी सरकार अमेरिकी दबाव में इजरायल के पक्ष में खड़ी है हम विपक्षी दल मोदी सरकार के इस समर्थन का विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि मोदी सरकार अपने पुराने नीति का अमल करें और कुटनीतिक दबाव बना कर फिलीस्तीन इजरायल युद्ध को रोकाने का अंतरराष्ट्रीय प्रयास किया जाए जिससे फिलीस्तीनी नागरिकों के नरसंहार को रोका जा सके इजरायल को युद्ध अपराधी घोषित किया जाए, फिलीस्तीनियों को1967 के समझौते के अनुसार स्वतन्त्र राष्ट्र के रूप में स्वीकार किया जाए। भारत सरकार अमेरिकी युद्ध रणनीति का हिस्सा न बने। फिलीस्तीन मानवीय सुविधाएं दवा, पानी भोजन आदि की व्यवस्था हो



और भारत सरकार भारतीय जनमानस के भावनाओं का सम्मान हो ऐसा नहीं होने पर हम विपक्षी गण युद्ध पर रोक लगाने ,फिलीस्तीन में शान्ति बहाल करने के लिए सड़क पर संघर्ष के लिए उतरे गें। कार्यक्रम में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य कामरेड राजेश बनवासी, योगेन्द्र भारती, मंजू गोंड, नन्द किशोर बिन्द, मोती प्रधान, सतेन्द्र प्रजापति, प्रमोद कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रामाशीष बिन्द आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## डीएम ने जिला शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक, विकास अधिकारियों को दिया कड़ी चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला शिक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण की समीक्षा में गत माह की तुलना में कृत कार्यों की न्यून प्रगति वाले विकास खण्ड क्रमशः भाँवरकोल, कासिमाबाद, देवकली तथा बिरनो के खण्ड विकास अधिकारियों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी के साथ यथाशीघ्र कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कायाकल्प के 16 पैरामीटर्स, 30 नवम्बर, 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिये जायें तथा शेष तीन बडे. पैरामीटर्स बाउण्ड्री वॉल, टाइलीकरण व फर्नीचर के संतृप्तिकरण की कार्य योजना 16 नवम्बर, 2023 को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित



किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त विकास खण्डों में विद्यालय परिसर में चिह्नित जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण व कार्यदायी संस्था द्वारा पुनर्निर्माण के कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण कराने हेतु कहा गया। तत्पश्चात निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शिक्षक-छात्र उपस्थिति, कक्षा में शिक्षण योजना/शिक्षण सामग्री, प्रिंट रिच मेटेरियल के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु निर्देशित किया गया। जनपद स्तरीय टास्क फोर्स (डी0टी0एफ0) तथा ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स (बी0टी0एफ0) के सभी सदस्यों को माह नवम्बर 2023 में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत निरीक्षण करने हेतु कहा गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कम छात्र उपस्थिति पाये जाने पर सादात, बिरनो, रेवतीपुर तथा जमानिया के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। नैट-1 परीक्षा- 2023 के परिणाम कक्षा 01 से 03 में शिक्षा क्षेत्र सदर, नगर क्षेत्र बहादुरगंज व नगर क्षेत्र गाजीपुर तथा कक्षा 04 से 08 में नगर क्षेत्र मुहम्मदाबाद तथा जखनिया के बेहतर प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में निःशुल्क गैस रिफिल का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण माह नवम्बर, 2023 दिसम्बर, 2023 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक 02 निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल दिये जाने का लिये गये निर्णय लिया गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ में निःशुल्क सिलेण्डर से सम्बन्धित कार्यक्रम का उद्बोधन प्रदेश के सभी जनपदों के लिए किया गया। जनपद-गाजीपुर में शुक्रवार को पूर्वाह्न



11.00 बजे से मा0 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल दिये जाने के कार्यक्रम का उद्बोधन मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जिला पंचायत मीटिंग हाल, जनपद गाजीपुर में कराया गया। उक्त अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती सपना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी महोदया द्वारा की गयी। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा), गाजीपुर, ऑयल कम्पनियों के जिला समन्वयक, अरूण कुमार व आई0ओ0सी0 के सेल्स आफिसर, जिला उज्ज्वला कमेटी के नामित सदस्य ओमप्रकाश राय एवं अवधेश राजभर एवं जिला पूर्ति कार्यालय, गाजीपुर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को बुके देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन समाप्ति के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा 10 लाभार्थियों को डमी चेक का वितरण किया गया। चेक वितरण के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय एवं जिलाधिकारी द्वारा सम्बोधित किया गया और मा0 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रकाश डाला गया। जनपद में कुल 66 घरेलू गैस एजेंसियॉ कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के उज्ज्वला योजना के कुल 2,92,247 लाभार्थी हैं, जिसमें से ए0सी0टी0सी0 (आधार आधारित नकद अंतरण) के कुल 2,77,974 लाभार्थी हैं। 01 अगस्त, 2023 को बी0सी0टी0सी0 के कुल 36,285 लाभार्थी थे, जिसमें से 22,012 लाभार्थियों का अभियान चलाकर आधार सत्यापन कराकर उनके बैंक खाते को आधार से लिंक करा दिया गया है और ये लाभार्थी ए0सी0टी0सी0 की श्रेणी में आ गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मिलावटखोरों पर कसा लगाम, खाद्य विभाग की छापेमारी लगातार 5 की हुई सैंपलिंग



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ तथा जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर के आदेश पर आर0सी0 पाण्डेय सहायक आयुक्त खाद्य गाजीपुर के निर्देशन में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूध पर्व के अवसर पर जनपद गाजीपुर के आम जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाकर कुल 05 नमूनें संग्रहित किये गये। संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। नमूना संग्रह की कार्यवाही आर0पी0 सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अवधेश कुमार, गोपाल चन्द, समला प्रसाद यादव, राजीव कुमार सिंह एवं विरेन्द्र यादव की टीम द्वारा की गयी।

### काशी के सुप्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ पंडित प्रकाश मिश्र की संस्था शुभमस्तु ज्योतिष कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को किया कर्मवीर सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी के सुप्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ पंडित प्रकाश मिश्र की संस्था शुभमस्तु ज्योतिष के तत्वावधान मे धन त्रयोदशी की पूर्व संध्या पर मैदागिन स्थित शुभमस्तु ज्योतिष के कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को कर्मवीर सम्मान प्रदान किया` इस अवसर पर काशी के सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान काशी विश्वनाथ




मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकटरमण घनपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे श्री घनपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी को आशीर्वाद प्रदान किया` इस अवसर पर राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी मिसेज इंडिया इंटरनेशनल वंदना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी अतिथियों का स्वागत शुभमस्तु ज्योतिष के पंडित प्रकाश मिश्र एवं पंडित आदित्य प्रकाश मिश्र ने किया` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभात मिश्रा ,प्रभात पांडे, डॉ राजेश उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह , विष्णु केसरी, उत्कर्ष अग्रहरि , संजीव अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, अंबरीश सिंह भोला, चक्रवर्ती विजय नावड, सुमित सर्राफ , एडवोकेट सुनील मिश्रा , दीपांजलि मिश्रा, अनिल कुमार केसरी, हरिओम सेठ , राजेश अग्रवाल, नीलम शर्मा , अवधेश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सुधाकर महिला विधि महाविद्यालय में विधिक सेवा दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में और न्यायाधिपति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशन में सुधाकर महिला विधि महाविद्यालय में विधिक सेवा दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समन्वयक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि न्यायालय के माध्यम से वाद निस्तारण कराने में समय और धन की हानि होती हैं इसके अलावा मानसिक तनाव के दौर से गुजरना पड़ता हैं इसलिए आपसी सहमति से मामलों का निस्तारण कराया जाये विधि-विभाग के हेड डॉ. सुजीत राय ने कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता आपका कानूनी अधिकार है जिसके लिए भारतीय संविधान में भी प्रावधान दिया गया है` विधि विभाग की ओर से डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. लोकेश चन्द, डॉ. सुनील पाण्डेय, डॉ. धम्म प्रिय गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने किया और कहा कि सुलह समझौते के माध्यम से अपने विवादों को न्यायालय के बाहर ही सुलझा सकते हैं जबकि स्थायी लोक अदालत में कोई भी न्याय शुल्क नहीं देना होगा तथा न्यायालय द्वारा पारित आदेश अन्तिम होता है और कोई अपील नहीं हो सकती है इस अवसर पर डॉ० प्रवीण मिश्रा, डॉ. श्याम सुन्दर मिश्रा और विधि विभाग की छात्रायें उपस्थित रही।

### अष्टम आयुर्वेद एवं धनवंतरि दिवस का आयोजन पर्यावरणीय लोहिया पार्क जौनपुर में किया गया



प्रखर जौनपुर। अष्टम आयुर्वेद एवं धनवंतरि दिवस का आयोजन पर्यावरणीय लोहिया पार्क जौनपुर में किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार थे कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय गिरीश चंद्र यादव द्वारा भगवान धनवंतरी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर ,डॉक्टर कमल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जौनपुर, डॉ मनीषा अवस्थी जिला होम्योपैथिक अधिकारी जौनपुर, डॉ मनोज वत्स सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रदीप सिंह एवं दीपक श्रीवास्तव द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभाग की तरफ से डॉ0 अशोक कुमार डॉ0 राजीव जायसवाल डॉक्टर विमल सेठ डॉक्टर श्रीकांत पांडे ,डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ विजेंद्र सिंह ,डॉ अनिल कुमार ,डॉ0 सुदर्शन बिंद डॉ0 सुजीत कुमार श्रीवास्तव, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह,अरविंद विश्वकर्मा देवराज मौर्य ,सुरेशचंद मौर्य ,योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव, मयंक विक्रम सिंह, अमित कुमार सिंह ,गरिमा सिंह ,वंदना साहू, प्रतिमा श्रीवास्तव ,अनीता यादव, नीतू यादव कुमारी ,सुप्रिया सिंह प्रदीप पांडे ,मनोज सिंह, निलेश यादव दिनेश चंद उपस्थित रहे कार्यक्रम में योग के संबंध में अरविंद कुमार यादव द्वारा जल नेति, सूत्र नेति, वकासन ,मयूर आसन का प्रदर्शन किया गया।

# इंसानी दिमाग में लगेगी एलन मस्क की चिप, अमेरिका ने दी मंजूरी, हजारों लोग हुए तैयार


**नई दिल्ली**

अंतरिक्ष और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव करने के बाद एलन मस्क अब इंसानी दिमाग को लेकर नई क्रांति करने जा रहे हैं। इसमें ह्यूमन ब्रेन में एक चिप लगाई जाएगी।

इसके लिए वह पहले ही एक कंपनी तैयार कर चुके हैं, जिसका नाम न्यूरालिंक है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलन मस्क के स्टार्टअप न्यूरालिंक को अमेरिकी एजेंसी एफडीए की तरफ से ह्यूमन ट्रायल को लेकर क्लीन चिट मिल गई है। आने वाले सप्ताह के अंदर वह ट्रायल भी शुरू कर सकेगा।

### अभी यह ट्रायल के तौर पर होगा शुरू, चिप इंप्लांट करने जुड़ रहे लोग

दरअसल, एलन मस्क का स्टार्टअप ह्यूमन ब्रेन के साथ एक चिप इंप्लांट करेगा। अभी यह ट्रायल के तौर पर शुरू होगा। गौर करने वाली बात यह है कि हजारों लोगों ने अपने ब्रेन में न्यूरालिंक चिप को इंप्लांट कराने की इच्छा जाहिर की है। ये लोग ट्रायल में बतौर वॉलेंटियर्स का काम करेंगे।

NEURALINK




### सर्जरी से लगेगी न्यूरालिंक की चिप

न्यूरालिंक के क्लिनिकल ट्रायल के तहत, सर्जरी करके इंसानी दिमाग पर एक ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस को इंप्लांट किया जाएगा। इससे वह चिप मूवमेंट और इंटेंशन को रिसीव करेगा। इसके बाद वह उन कमांड को आगे सेंड करेगा। इसके बाद उस चिपसेट के साथ कंपेटेबल डिवाइस उन कमांड को रिसीव करेंगे और आगे काम करेंगे। न्यूरालिंक ने बताया कि शुरुआती स्टेज में उसका मकसद कंप्यूटर कर्सर और कीबोर्ड को कंट्रोल करना है। यह कंट्रोल कमांड सीधे दिमाग में फिट की गई चिपेसट से मिलेगी।

### न्यूरालिंक का क्या है प्लान?

न्यूरालिंक सभी परमिशन मिलने के बाद कुछ वॉलंटियर्स पर इसका ट्रायल शुरू करेगी। अभी यह कुछ लोगों पर शुरू होगा और साल 2030 तक कंपनी का लक्ष्य 22 हजारों लोगों के ब्रेन में इस चिप को इंस्टॉल करने का है। बताते चलें कि एलन मस्क ने साल 2016 में न्यूरालिंक की शुरुआत की थी।

### नियमों को भी तोड़ चुकी है न्यूरालिंक

कुछ महीने पहले न्यूरालिंक नियम तोड़ने की वजह से काफी चर्चा में रही थी। दरअसल, कई एजेंसियों ने दावा किया था कि स्टार्टअप ने अपने डिवाइस की टेस्टिंग में इस्तेमाल किए गए जानवर का गलत तरीके से इस्तेमाल किया है और पहले से निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2018 से अब तक कंपनी स्टार्टअप ने 1500 जानवरों को ब्रेन चिप इंप्लांट के ट्रायल में मार दिया।

## मुख्यमंत्री केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से संबंधित मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका को गुजरात हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने 30 सितंबर को इस मामले पर बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने गुजरात हाई कोर्ट के 31 मार्च को दिए उस आदेश की समीक्षा के लिए याचिका दी थी, जिसमें कोर्ट ने चीफ इनफॉर्मेशन कमीशन के एक आदेश को खारिज कर दिया था। दरअसल, हाई कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस निर्देश को दरकिनार कर दिया था, जिसमें आयोग ने गुजरात यूनिवर्सिटी को पीएम मोदी की एमए की डिग्री के बारे में जानकारी मुहैया कराने को कहा था। गुजरात हाई कोर्ट ने मार्च में सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील स्वीकार की थी और केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

## आरजेडी दफ्तर के बाहर कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज और पानी की बौछारें की। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरकारी कर्मी का दर्जा देने, ग्रेच्युटी, पेंशन और वेतन बढ़ाने जैसी कई मांगों के लिए 29 सितंबर से हड़ताल पर हैं। बिहार में ढाई लाख से अधिक आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका हैं, जो 29 सितंबर से अपने जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर रही थीं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सात नवंबर को इसका घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान भी पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। इसके बाद आठ नवंबर को पटना के मुख्य डाक बंगला चौराहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पांच घंटे के लिए घेरा, जिसको हटाने के लिए पटना पुलिस की प्रदर्शनकारियों से झड़प हुई।

**इजरायल-हमास जंग : ड्रोन प्लांट और हथियारों के डिपो पर कब्जा**

# हमास पर इजरायल की बड़ी चोट, एंटी टैंक मिसाइल के यूनिट कमांडर को किया ढेर

**नई दिल्ली**

गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में तकरीबन इजरायली सेना ने पूरी तरह कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना के गाजा शहर में पहुंचने से पहले बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी दक्षिणी गाजा की ओर जा चुके हैं। एक दिन में पचास हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी दक्षिणी गाजा में गए हैं। इजरायल लगातार हमास के ठिकानों पर हमला कर रहा है। अब इजरायल के निशाने पर हमास के कुख्यात और टॉप लीडर हैं। उन्हें अब टारगेट किया जा रहा है। अब तक हमास के 20 अधिक बड़े कमांडर और 1000 से अधिक आतंकवादी मारे जा चुके हैं। इस कड़ी में इजरायली सेना ने हमास की एंटी टैंक मिसाइल यूनिट के प्रमुख को मार गिराया है।

आईडीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंट्रल कैंप ब्रिगेड में हमास की एंटी-टैंक मिसाइल यूनिट के प्रमुख इब्राहिम अबू-मघसिब को आईएसए और आईडीएफ ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक लड़ाकू जेट हमले में मार गिराया। साथ ही ड्रोन प्लांट और हथियारों का जखीरा भी बरामद किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू-मघसिब ने इजरायली नागरिकों और आईडीएफ बलों पर कई टैंकरोधी हमलों के निर्देश दिए। जमीनी बलों की सहायता के हिस्से के रूप में, इजरायली नौसेना बलों ने गाजा में आईडीएफ सैनिकों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हमास की एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्चिंग चौकियों पर हमला किया।



### हमास के हथियारों का जखीरा भी बरामद

आईडीएफ ने यह भी कहा कि उसने गाजा में एक आवासीय इमारत के अंदर हमास के ड्रोन विनिर्माण संयंत्र और हथियार डिपो को भी खोज निकाला है। आईडीएफ ने कहा कि उसके सैनिकों ने यूएवी और हथियारों के उत्पादन और भंडारण के लिए उपयोग की जाने वाली हमास हथियार निर्माण और भंडारण सुविधा की खोज की। यह साइट उत्तरी गाजा में शेख राडवान पड़ोस के केंद्र में स्कूलों के नजदीक एक आवासीय इमारत में स्थित थी।

### हमास पोस्ट पर इजरायल का कब्जा

बता दें कि बुधवार को 10 घंटे से अधिक की लड़ाई के बाद आईडीएफ हमास पोस्ट पर कब्जा करने में सफल रहा। ऑपरेशन के दौरान, बलों ने आतंकवादियों का सफाया कर दिया, कई हथियार जब्त कर लिए और सुरंग शाफ्ट को उजागर कर दिया, जिसमें एक प्रीस्कूल के पास स्थित था और जो एक विस्तृत भूमिगत पथ की ओर जाता था।

### 7 अक्टूबर से जारी है जंग

हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला कर दिया गया था। इसके बाद से दोनों के बीच जंग जारी है। इजरायल में 7 अक्टूबर को हमास के हमलों में 1,400 लोग मारे गए। वहीं हमास ने 240 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। इसके बाद इजरायल ने युद्ध का ऐलान करते हुए गाजा में ताबड़तोड़ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी, जिसमें अब तक 10,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। वहीं हजारों घायल हैं।

# बसपा : ना हम कांग्रेस के साथ, ना सपा के...

**बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ बोले- इंडिया गठबंधन महज दिखावा, हमारा सिर्फ जनता से हैं गठबंधन**

**लखनऊ**




लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने एक न्यूज चेनल से खास बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के विवादित बयान पर भी टिप्पणी की। विश्वनाथ पाल ने कहा कि उन्हें इस तरीके से बयान नहीं देना चाहिए। बाकी उन्होंने किस कॉन्टैक्ट्स में ये बात कही वो वही समझा सकते हैं, लेकिन इस तरह बयान ठीक नहीं है। वहीं, इंडिया गठबंधन को लेकर बसपा के यूपी अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी अकेले लड़ रही है, हम कांग्रेस के साथ नहीं हैं। ना ही समाजवादी पार्टी के साथ हैं। हमारा जनता से गठबंधन है।

**सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना**

विश्वनाथ पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करती है, लेकिन पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों को सबसे ज्यादा दिक्कत देने वाली सपा ही है। इस पार्टी ने छत्रपति शाहूजी महाराज जिले का नाम बदल दिया। बैकलॉग की भर्तियां कैंसिल कीं। सपा किस आधार पर पिछड़ों की बात करती है। मुस्लिम वोटर्स पर बोलते हुए बसपा नेता ने कहा कि 2022 के चुनाव वह में समझ चुका है कि सपा को वोट करने के बावजूद भी उसे कुछ हासिल नहीं हुआ। भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी नहीं कर पाई। ऐसे में मुस्लिमों को यकीन हो गया है कि बहुजन समाज पार्टी ही भाजपा से लड़ सकती है। वो इस लोक सभा चुनाव में बसपा के साथ रहेगा। विश्वनाथ पाल ने कहा कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक मिलाकर 80 प्रतिशत वोट हमारे पास है।

### बसपा का नहीं होगा किसी से गठबंधन

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन की बात करती है, पहले मीटिंग शुरू होती है तो उसमें पीडीए निकल आता है। दूसरी मीटिंग होती है तो उसमें इंडिया नाम निकल आता है। इस गठबंधन से बहुजन समाज पार्टी बहूत दूर है। बहन जी (मायावती) की कोई बात नहीं हुई है। कांग्रेस के पास उत्तर प्रदेश में दो प्रतिशत वोट बैंक है। उसमें वो क्या कर पाएंगे। गठबंधन सिर्फ दिखावा है। बकौल विश्वनाथ पाल- हम छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान सब जगह चुनाव लड़ रहे हैं। बड़े बहुमत से सीटें निकालेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने हमारे 6 विधायकों को मध्य प्रदेश में तोड़ लिया था। इस दोहरी नीति से जनता नाराज है। वो चुनाव में दिखा देंगे कि बसपा के साथ जनता खड़ी है, ना कि कांग्रेस के साथ।

# 10 साल की मासूम से रेप और मर्डर

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बिस्किट का लालच देकर शख्स ने पड़ोसी की बच्ची का घर में रेप किया। इसके बाद बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस केस में आगे की कार्रवाई कर रही है। दरअसल, घटना 5 नवंबर की है। बड़हलगंज थाना क्षेत्र के साधुआपार में रहने वाले 42 साले के कुबेर चंद्र ने बिस्किट खिलाने के बहाने अपने पड़ोसी की 10 साल की बेटी को घर पर बुलाया। आरोपी ने बच्ची को पकड़ लिया और उसके साथ रेप किया। इसके बाद कुबेर ने बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने बच्ची के सिर पर भी भारी वस्तु से वार किया था।

**पड़ोसी ने बिस्किट देने के बहाने दिया घटना को अंजाम**

### आरोपी के घर से मिली बच्ची की लाश

बच्ची की लाश को ठिकाने लगाने के लिए आरोपी सही मौके की तलाश में था। तो उसने घर पर ही बच्ची का शव रख लिया। वहीं, बच्ची के गायब होने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। उन लोगों ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान लोग जब कुबेर के घर में बच्ची को ढूंढ रहे थे तो उसकी लाश मिली थी। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ बेटी की रेप के बाद हत्या किए जाने का केस दर्ज कराया।

## डिलीवरी के बाद लापता हुई महिला, 24 घंटे बाद नाले में मिली डेडबॉडी

**बांदा।** यूपी के बांदा मेडिकल कॉलेज में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां डिलीवरी के बाद एक महिला अचानक लापता हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। पीड़ित परिजनों ने डीएम से शिकायत कर खोजबीन की गुहार लगाई। 24 घंटे बाद महिला का शव मेडिकल कॉलेज कैंपस के नाले में मिला। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# चुनाव प्रचार के दौरान बस की रेलिंग से गिरे तेलंगाना के मंत्री केटीआर

**राज्यसभा सांसद सुरेश रेड्डी भी वाहन से सड़क पर जा गिरे**



**नई दिल्ली।** तेलंगाना में चुनाव प्रचार के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर एक हादसे का शिकार हो गए। वे चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए बस से रोड शो कर रहे थे। वे अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बस की छत से लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इस दौरान अचानक बस के ब्रेक लगने से केटीआर और अन्य का संतुलन बिगड़ा और वे वाहन से गिर गए। कहा जा रहा है कि इस दौरान बस के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बस की रेलिंग टूट गई। इससे केटीआर, सुरेश रेड्डी और जीवन रेड्डी का संतुलन बिगड़ गया था। हालांकि, इस घटना में केटीआर को किसी तरह की चोट नहीं आई है।

## आज का इतिहास

- 1659: शिवाजी ने प्रतापगढ़ किले के निकट अफजल खान को मार गिराया।
- 1698: कलकत्ता को ईस्ट इंडिया कंपनी को बेच दिया गया।
- 1848: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी का जन्म।
- 1885: गोटलिएब डेमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- 1908: कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी।
- 1920: राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन नेता एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म।
- 1983: बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 सार्वजनिक रूप से पेश किया।
- 1990: चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने।
- 2000: गंगा-मेकांग सम्पर्क परियोजना का कार्य प्रारंभ इसमें भारत, म्यामां, थाईलैंड, कम्बोड़िया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।

## Filmi तड़का

**पूजा भट्ट ने की तलाक और अल्कोहल पर बात**

### खुद को भूल चुकी थीं, शराब को बैंड एड बनाकर जंजीरों में जकड़ गई थी...



**मुंबई।** फॉर्मर एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने हाल ही में अपनी टूटी हुई शादी और शराब की लत पर खुलकर बात की है। पूजा ने बताया कि शादी के बाद उनका अस्तित्व खत्म हो चुका था। इस शादी से निकलने के लिए उन्होंने शराब का सहारा लिया था। कुछ समय बाद वो समझ गईं कि एक बुरी शादी से निकलने के लिए शराब की गिरफ्त में जाना गलत था। आखिरकार उन्होंने 7 साल पहले शराब की लत से भी निजात पा ली। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में पूजा ने अपने करियर की तुलना छोटी बहन आलिया भट्ट से भी की है। हाल ही में पूजा भट्ट अनचेन माय हार्ट बुक लॉन्च करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने आलिया भट्ट पर बात करते हुए कहा है, मेरी बहन आलिया इसलिए कामयाब है, क्योंकि उसे पता है कि क्या शेयर करना है क्या नहीं। लेकिन मैंने सीखा है कि ये तब ही काम करता है, जब आप या तो सच बोल रहे हो या दिल से बोलते हो। जब मैं अपनी जिंदगी में पीछे मुड़कर देखती हूं तो मैं फेम का चौथा सीजन एंजॉय कर रही होती हूं। एक आर्टिस्ट की जिंदगी में 4 सीजन होते हैं। पहला सीजन वो जब लोग कहते हैं कि इस लड़के या लड़की में पोटेंशियल है। दूसरा सीजन वो जब लोग कहते हैं कि ये आ चुकी है। तीसरा सीजन वो जब लोग कहते हैं कि आप खत्म हो गए हैं और चौथा वो जब आप वापसी करते हैं, तो मैं बॉम्बे बेगम से वापस आई।

### पूर्व मिस इंडिया अदिति आर्य ने जय कोटक संग लिए सात फेरे

**मुंबई।** अरबपति बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक ने मंगलवार को पूर्व मिस इंडिया अदिति आर्य से शादी कर ली है। शादी मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में हुई, जबकि अन्य रस्में और समारोह उदयपुर में किए गए। इस शादी में अंबानी परिवार समेत जाने-माने बिजनेसमैन शामिल हुए। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और अदिति की मुलाकात पहली बार अमेरिका में हुई थी। लंबे समय से डेट करने के बाद दोनों ने इसी साल मई में सगाई की थी। इस बात की जानकारी जय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर दी थी। अदिति आर्या का जन्म 18 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज से ग्रेजुएशन पूरा किया।



**दोनों अमेरिका में पढ़े, वहीं हुई पहली मुलाकात**

# दिवाली का असर : आज से 6 दिन तक नहीं खुलेंगे बैंक

**नई दिल्ली**



धनतेरस और दिवाली का त्योहार आ गया है और इसे लेकर देशभर में उत्साह है। बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच अगर आपको इन दिनों में बैंक से जुड़ा कोई काम है, तो ये खबर खास आपके लिए है।

दरअसल, शुक्रवार से लगातार छह दिन बैंक बंद रहेंगे, यानी ब्रांचों में बैंकिंग से जुड़ा कोई काम-काज नहीं हो पाएगा। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई हर महीने की शुरुआत में अपनी वेबसाइट पर बैंकिंग हॉलिडे लिस्ट जारी करती है, जो विभिन्न राज्यों में होने वाले त्योहारों और आयोजनों पर निर्भर होती है। नवंबर-2023 की हॉलिडे लिस्ट पर नजर डालें, तो 10 नवंबर से 15 नवंबर तक बैंकों में छुट्टी घोषित है। आरबीआई द्वारा नवंबर महीने के लिए जारी बैंक हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक, महीने में कुल 15 बैंकिंग हॉलिडे निर्धारित थे, जिनमें से कई निकल चुके हैं। वहीं अब दिवाली, छठ पूजा और भाई दूज जैसे पर्व आने वाले दिनों में पड़ रहे हैं।

**बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़, एटीएम में हो सकती है कैश की किल्लत**

## संक्षिप्त खबरें

### क्राम्प्टन के नए उत्पाद



मुंबई। क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (सीजीसीईएल) ने अपने नए मास्टपीस मिक्सर ग्राइंडर की एक नई सीरीज ड्यूरोएलीट प्लस, ड्यूरोरॉयल, बोल्टिमक्स प्रो और बोल्टिमक्स कूल की पेशकश की है। कंपनी के पीएल हेड (छोटे घरेलू उपकरण), केतन चौधरी ने कहा कि मिक्सर की हमारी नई रेंज के उत्पादों को लंबे समय तक इस्तेमाल करने के लिए पावरट्रार्न मोटर लगा है जो लगातार 45 मिनट तक पिसाई कर सकता है। इसे कम से कम समय में बारीक पिसाई के इच्छुक ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

### अमेजन की ग्लोबल सेलिंग

बेंगलुरु। अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम पर भारतीय निर्यातक वार्षिक ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे (बीएफसीएम) बिक्री कार्यक्रमों के दौरान दुनिया भर के ग्राहकों के लिए लाखों 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। भारतीय निर्यातकों ने 17 से 27 नवम्बर तक चलने वाले बिक्री कार्यक्रम के लिए अमेज़न की वैश्विक वेबसाइटों पर 50,000 से अधिक नए उत्पाद लांच किए हैं। यह जानकारी अमेज़न इंडिया के वैश्विक व्यापार निदेशक, भूपेन वाकणकर ने दी।

### आजियो का थोक स्टोर

नई दिल्ली। रीटेल फैशन विक्रेताओं के लिए रिलायंस रिटेल के स्वामित्व वाले बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) प्लेटफार्म आजियो बिजनेस ने उत्तर प्रदेश में अपना नया फैशन होलसेल स्टोर लांच किया है। कानपुर स्थित आजियो बिजनेस स्टोर खुदरा विक्रेताओं को एथनिक वियर और इंडो-वेस्टर्न से लेकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए फॉर्मल और कैजुअल वियर तक उत्पादों के विस्तृत चयन तक पहुंच प्रदान करेगा। रिलायंस रिटेल के प्रेसिडेंट, फैशन एंड लाइफस्टाइल, अखिलेश प्रसाद ने यह जानकारी दी।

### पारस का नया कैम्पेन

नई दिल्ली। पारस डेयरी 'असली भरोसा असली घी' कैम्पेन शुरू किया है। यह कैम्पेन ईमानदारी और शुद्धता जैसे मूल्यों पर बल देता है। कंपनी ने कहा कि यह घी आपकी पसंदीदा डिश को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत से भी भरपूर रखता है। 'असली भरोसा असली घी' सिर्फमार्केटिंग का जरिया नहीं है। मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी कहते हैं कि वे असली और शुद्ध जैसे अनोखे गुणों को लेकर ही पारस से जुड़े हैं। पारस डेयरी के सीएमओ वी.पी.एस. मालिक ने कहा कि हम खुश हैं कि सोखी ने पारस को चुना और इस पर भरोसा किया।

### नया एडिबल आयल लांच

नयी दिल्ली। भारत में एडिबल ऑयल के प्रमुख निर्माता बीएन ग्रुप ने सिम्प्ली फ्रैश एवं हेल्दी वैल्यू ब्राण्ड के तहत नए वेरिएन्ट्स के लांच के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। नई पैकेजिंग में पेश किए गए ये नए वेरिएन्ट्स न सिर्फ ब्राण्ड की विज़िबिलिटी बल्कि विज़ुअल अपील भी बढ़ाएंगे। इस अवसर पर बीएन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अनुभव अग्रवाल ने कहा, 'हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के सेहतमंद प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे एडिबल ऑयल पोर्टफोलियो का विस्तार इसी लक्ष्य की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

### बिरला का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड ने बीते दौर में बढ़ती लागत और कई अन्य चुनौतियों के बावजूद सितम्बर तिमाही में अच्छा खासा लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने मुकुटबन रैंप-अप, लागत में कमी, बिजली और ईंधन मिश्रण के प्रीमियमीकरण और अनुकूलन और ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण तथा मौसमी कारकों के बावजूद सितम्बर तिमाही में लाभप्रदता में अच्छा-खास उछाल दर्ज किया है। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड नकद लाभ ₹221 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 414 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन हर्ष वी. लोढ़ा ने दी।(एजेंसियां)

# बीते माह इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 42 फीसद बढ़ा

■ कुल 19957 करोड़ रुपए पर पहुंची निवेश की धनराशि ■ छोटी कंपनियों के कोषों में निवेशकों का आकर्षण कायम

नई दिल्ली (भाषा)।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में प्रवाह अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 19,957 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। छोटी कंपनियों के कोषों के प्रति निवेशकों का आकर्षण कायम रहने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह बेहतर हुआ है।

एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने बृहस्पतिवार को इस बारे में आंकड़े जारी किए हैं। सितम्बर माह में इस श्रेणी में 14,091 करोड़ रुपये का निवेश आया था। इससे पहले अगस्त में निवेश 20,245 करोड़ रुपये था।

अक्टूबर लगातार 32वां माह रहा है जबकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का प्रवाह सकारात्मक रहा है। इस श्रेणी को स्मालकैप फंड को मिले 4,495 करोड़ रुपये के कोष से बढ़ावा मिला।




इसके बाद थिमेटिक कोष में 3,896 करोड़ रुपये का प्रवाह आया। इक्विटी के अलावा, बान्ड आधारित योजनाओं में अक्टूबर में शुद्ध रूप से 42,634 करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पिछले दो माह के दौरान इस खंड से निकासी देखने को मिली थी। इस खंड से सितम्बर में 1.01 लाख करोड़ रुपये और अगस्त में 25,873 करोड़ रुपये निकाले गए थे।

कुल मिलाकर, 44 कंपनियों वाले म्यूचुअल फंड उद्योग में समीक्षाधीन महीने में 80,528 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ। वहीं सितम्बर में उद्योग से 66,192 रुपये की निकासी हुई थी।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री से मिला एडीबी प्रतिनिधिमंडल

गंगटोक (भाषा)।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने एम्मा फ्रांसिस मार्सडन की अगुवाई में बृहस्पतिवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बैठक में दोनों पक्षों ने एडीबी द्वारा वित्तपोषित सिक्किम बिजली क्षेत्र विकास परियोजना (एसपीएसडीपी) पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने परियोजना के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। एसएसपीएसडीपी का लक्ष्य बिजली वितरण के ढांचे को मजबूत करना है।

# बर्मन परिवार ने आरईएल के आरोपों को झूठा बताया

■ कहा, हम सभी मानदंडों को करते हैं पूरा

नई दिल्ली (भाषा)।

बर्मन परिवार ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के स्वतंत्र निदेशकों द्वारा उनकी गतिविधियों को ''धोखाधड़ीपूर्ण व अवैध'' बताए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'झूठा और मानहानिजनक' करार दिया है।

बर्मन परिवार ने सितंबर में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज का नियंत्रण हासिल करने के लिए खुली पेशकश की थी। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हम इन आरोपों से आश्चर्यचकित तथा निराश हैं।'

> हम इन आरोपों से बेहद आश्चर्यचकित और निराश हैं, इस झूठ को गढ़ा गया है और यह आरोप पूरी तरह झूठे, धोखाधड़ीपूर्ण, अवैध और मानहानिजनक हैं। हम रेलिगेयर सौदे को शीघ्रता के साथ पूरा करेंगे
> *बर्मन फैमिली*

बयान में कहा गया कि वह सभी नियामकों के साथ काम करते हुए इस लेनदेन को ''शीघ्रता से'' पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। धोखाधड़ी और अन्य उल्लंघनों के आरोप पर बर्मन परिवार ने कहा कि आरईएल में इच्छुक लोगों ने ''इस झूठ को गढ़ा'' है।

बयान में कहा गया, 'हमने निदेशक मंडल द्वारा मंजूर कोष जुटाने की प्रक्रिया के तहत पारदर्शी तरीके से बाजार खरीद और तरजीही आवंटन के जरिये आरईएल में अपनी सभी शेयरधारिता खरीदी है। इसमें किसी भी तरह का कोई हेरफेर नहीं किया गया।'

खबरों के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 अक्टूबर के एक पत्र में लगाए गए आरोपों के संबंध में आरईएल से सबूत और दस्तावेज मांगे हैं। सेबी ने स्वतंत्र निदेशकों द्वारा लगाए गए आरोपों पर जेएम फाइनेंशियल से भी प्रतिक्रिया मांगी है, जो बर्मन परिवार की ओर से खुली पेशकश का प्रबंधन कर रही है।

## वोडाफोन आइडिया को 1128 करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड करे आयकर विभाग

मुंबई (भाषा)।

बम्बई उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग को, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को मूल्यांकन वर्ष 2016-2017 के लिए दूरसंचार आपरेटर द्वारा करों के रूप में भुगतान किए गए 1,128 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया है।

अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि इस साल अगस्त में विभाग द्वारा पारित मूल्यांकन आदेश 'समयबाधित था और इसलिए इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है।' न्यायमूर्ति के आर. श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने निर्धारित 30 दिन के समय के भीतर अंतिम आदेश पारित नहीं करने में ''ढिलाई और सुस्ती'' दिखाने और इस तरह सरकारी खजाने तथा जनता को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी के खिलाफ अप्रसन्नता जाहिर की।

अदालत ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका पर यह फैसला सुनाया। इस याचिका में दावा किया गया था कि आयकर विभाग मूल्यांकन वर्ष 2016-2017 के लिए उसके द्वारा भुगतान की गई राशि वापस करने में विफल रहा, जो उसकी आय पर देय वैध कर से अधिक थी।

# महंगाई को काबू में रखने पर रिजर्व बैंक का ध्यान

■ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए भी केंद्रीय बैंक पूरी तरह सतर्क

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक पूरी तरह से सतर्क है और मौद्रिक नीति का रुख आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के साथ महंगाई को काबू में लाने पर है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।



दास ने टोक्यो में एक संगोष्ठी में आरबीआई के वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिन टेक) परिवेश का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्राहक केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बेहतर संचालन व्यवस्था, प्रभावी निरीक्षण, नैतिक रूप से उपयुक्त गतिविधियां और जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के माध्यम से फिनटेक के स्व-नियमन को प्रोत्साहित करने पर ध्यान है। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी अक्टूबर की बैठक में 2023-24 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो 2022-23 के 6.7 प्रतिशत से कम है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितम्बर में घटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई है। अक्टूबर महीने का महंगाई का आंकड़ा 13 नवम्बर को जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों के झटकों को लेकर संवेदनशील बनी हुई है। वहीं मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति जनवरी, 2023 में अपने उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद 1.70 प्रतिशत नीचे आ चुकी है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'इन परिस्थितियों में मौद्रिक नीति का रुख सतर्क बना हुआ है और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने को कीमतों को नीचे लाने की दिशा में काम कर रही है।'

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुख्य नीतिगत दर रेपो को अक्टूबर में द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। यह लगातार चौथी बार था, जब रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। एमपीसी की अगली बैठक दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली है। दास ने यह भी कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भारत में फिनटेक क्रांति में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता की कहानी वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन गई है।

# 60 हजार मेगावाट हुई सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता

नई दिल्ली (भाषा)। देश में सौर मॉड्यूल की स्थापित विनिर्माण क्षमता 60,000 मेगावाट पर पहुंच गई है। उद्योग संगठन आल इंडिया सोलर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईएसएमए) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2020-21 में पॉलीसिलिकॉन मॉड्यूल बनाने की क्षमता 10,000 मेगावाट से कम थी। इसकी क्षमता कम वाट की थी। भारत ने इस क्षमता को बढ़ाकर वर्तमान में 60,000 मेगावाट कर दिया है। साथ ही अब जो विनिर्माण हो रहा है उसकी क्षमता उच्च वाट की है। इसके साथ तकनीकी रूप से उन्नत मोनो पर्क, टॉपकॉन और एचजेटी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता भी बढ़ी है।

एआईएसएमए के अध्यक्ष हितेश दोषी ने कहा, 'यह वास्तव में भारतीय सौर विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सौर ऊर्जा को अपनाना स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बदलाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके साथ अंतरिक्ष में भारत का बढ़ता नेतृत्व देश को वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगा।' भारत ने 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। देश का लक्ष्य 2030 तक 5,00,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का है। सौर ऊर्जा से इस क्षमता में 3,00,000 मेगावाट का योगदान होने की उम्मीद है। देश में सौर ऊर्जा क्षमता 30 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रही है।

देश में विनिर्मित उच्च गुणवत्ता वाले सौर मॉड्यूल की उत्तरी अमेरिका और यूरोप जैसे वैश्विक बाजारों में मांग बढ़ी है। वर्ष 2023 में ही भारतीय सौर विनिर्माताओं ने 3,900 मेगावाट क्षमता का सौर मॉड्यूल का निर्यात किया है। इसे प्रति वर्ष 30,000 मेगावाट तक बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल विदेशी मुद्रा के रूप में में सात-आठ अरब डालर की कमाई हुई। साथ ही जीवाश्म ईंधन (कच्चा तेल, कोयला आदि) आयात पर भारी निर्भरता के रुख में भी बदलाव आ रहा है।



## तांबा अयस्क के उत्पादन में वृद्धि पर ध्यान देने का आग्रह

नई दिल्ली (भाषा)।

खान सचिव वी. एल. कांथा राव ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) से तांबा अयस्क और 'मेटल-इन-कंसंट्रेट' के उत्पादन में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है।

राव ने कंपनी की गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए बुधवार को कोलकाता में एचसीएल के कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया। सचिव को एक विस्तृत प्रस्तुति में कंपनी की जारी परियोजनाओं के साथ-साथ उसकी समग्र गतिविधियों से अवगत कराया गया। बैठक में सचिव ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन बातचीत की।

# सात मिनट में पहुंचेंगे कनाट प्लेस से गुरुग्राम

■ भारत में इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा 2026 तक शुरू करेगी इंटरग्लोब

नई दिल्ली (भाषा)।

इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की योजना 2026 में पूरे देश में एक पूर्ण-इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा शुरू करने की है। वह यह सेवा आर्चर एविएशन के साथ मिलकर शुरू करने की योजना बना रही है।

एक बयान में कहा गया है कि इसके साथ ही इंटरग्लोब-आर्चर उड़ान का लक्ष्य यात्रियों को राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक करीब सात मिनट में ले जाने का है। सड़क मार्ग से इस 27 किलोमीटर की यात्रा में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है।




दोनों कंपनियों ने भारत में एक पूर्ण-इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा शुरू करने व उसके परिचालन के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। हालांकि, इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरी ली जानी है। इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज एक भारतीय यात्रा समूह है और देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इसका हिस्सा है।

आर्चर एविएशन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान क्षेत्र में अग्रणी है। दोनों कंपनियों का इरादा देश में पूर्ण-इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा 2026 में शुरू करने का है।

## सेंसेक्स 143 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी जारी रहने के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख का भी बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.41 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64,832.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 206.85 अंक तक लुढ़क गया था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 48.20 के नुकसान के साथ 19,395.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो और मारुति शामिल हैं।

## फ्लैट का मासिक किराया 31 प्रतिशत तक बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)। देश के सात प्रमुख शहरों में चालू कैलेंडर साल के पहले नौ माह में फ्लैट के मासिक किराये में नौ से 31 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किराये में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी बेंगलुरु में हुई है। एनारॉक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सात शहरों में घरों का किराया लगातार बढ़ रहा है, जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के केंद्र बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे सबसे आगे है। बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में 1,000 वर्गफुट के मानक 2बीएचके (बेडरूम-हॉल-किचेन) वाले फ्लैट का किराया इस साल के पहले नौ महीनों में 31 प्रतिशत बढ़ गया। इसके बाद सरजापुर रोड है, जहां ऐसे घरों का किराया 27 प्रतिशत बढ़ गया।

# विवाद से विश्वास योजना की अवधि 31 दिसम्बर हुई

नई दिल्ली (भाषा)। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सरकारी अनुबंधों से संबंधित लंबित विवादों के निपटान के लिये दावा प्रस्तुत करने की समयसीमा दो महीने बढ़ाकर 31 दिसम्बर कर दी। सरकारी अनुबंधों से जुड़े विवादों के निपटान के लिये विवाद से विश्वास-दो योजना 15 जुलाई को शुरू की गई थी। इसके तहत अनुबंध हासिल करने वालों के लिए दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर थी।

व्यय विभाग ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि विवाद से विश्वास-दो योजना के तहत दावा जमा करने की अवधि दो महीने बढ़ाने का निर्णय किया गया है। अब 31 दिसम्बर, 2023 तक दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। यह योजना उन सभी घरेलू अनुबंध से जुड़े विवादों पर लागू होती है जहां एक पक्ष या तो भारत सरकार अथवा सरकारी उपक्रम है। योजना के तहत, 30 अप्रैल, 2023 को या उससे पहले पारित किये गये अदालती आदेशों के अंतर्गत अनुबंधकर्ता को दी जाने वाली निपटान राशि अदालत की तरफ से बरकरार रखी गई शुद्ध राशि का 85 प्रतिशत तक होगी।

# मूडीज ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.7% पर कायम रखा

नई दिल्ली (भाषा)।

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मूडीज का मानना है कि देश में मजबूत घरेलू मांग की वजह से निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार कायम रहेगी।

प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण निर्यात कमजोर रहने से मूडीज ने अपने 'वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024-25' में कहा कि घरेलू मांग में सतत बढ़ोतरी भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है।

मूडीज ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2023 में करीब 6.7 प्रतिशत, 2024 में 6.1 प्रतिशत और 2025 में 6.3 प्रतिशत बढ़ेगी।'

भारत की आर्थिक वृद्धि दर जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत थी। घरेलू खपत व ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत रही है। मूडीज ने कहा, 'मजबूत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह, बढ़ती वाहन बिक्री, बढ़ता उपभोक्ता भरोसा तथा दोहरे अंक की ऋण वृद्धि से पता चलता है कि मौजूदा त्योहारी सीजन के बीच शहरी उपभोग मांग जुझारू बनी रहेगी। हालांकि, ग्रामीण मांग जिसमें सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं वह असमान मानसून के कारण चिंता का विषय बनी हुई है। इससे फसल की पैदावार और कृषि आय कम हो सकती है।'

मूडीज ने कहा कि हालांकि मुख्य मुद्रास्फीति भी अगस्त में 4.8 प्रतिशत से कम होकर 4.5 प्रतिशत हो गई, लेकिन असमान मौसम व भूराजनीतिक अनिश्चितता के बीच खाद्य व ऊर्जा की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के ऊपर की ओर जाने के जोखिम को लेकर रिजर्व बैंक सतर्क रुख अपनाएगा।

■ भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है घरेलू मांग में लगातार हो रही बढ़ोतरी

■ ऊंचा जीएसटी संग्रह और वाहन बिक्री की बढ़ती दर से मिल रहे हैं अर्थव्यवस्था में बेहतरी के संकेत

■ वर्ष 2024 के लिए वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का मूडीज ने लगाया है अनुमान

■ सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी बनी रहने से भारत की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ने में मिली मदद

■ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई थी भारत की आर्थिक वृद्धि दर

## केनरा बैंक ने ऋण पर ब्याज दरें 0.05% बढ़ाई

नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अपनी विभिन्न परिपक्वता अवधि की बेंचमार्क ऋण दर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे बैंक का कर्ज महंगा होगा।

बैंक ने कहा कि उसने विभिन्न परिपक्वता अवधि के लिए एमसीएलआर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है। नई दर 12 नवंबर से लागू होगी। अब एक साल की एमसीएलआर 8.75 प्रतिशत होगी। अभी यह दर 8.70 प्रतिशत है। एक साल की एमसीएलआर के आधार पर बैंक ज्यादातर उपभोक्ता ऋण मसलन वाहन, व्यक्तिगत और आवास ऋण की दरें तय करते हैं।

# कीवियों की जीत से पाकिस्तान के अरमानों की लगी लंका, सेमीफाइनल का लाइनअप तैयार!

## सेमी में एंट्री के लिए इंग्लैंड के खिलाफ 287 रनों के बड़े मार्जिन या 16 गेंदों में जीतना होगा पाक को मैच

● बेंगलुरु

भारत की मेजबानी में खेले जा रहे आईसीसी वनडे वर्ल्डकप 2023 में न्यूजीलैंड ने गुरुवार को श्रीलंका को 5 विकेट से रौंद दिया। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। न्यूजीलैंड की जीत से पाकिस्तान और अफगानिस्तान की लंका लग गई है। यानी इन दोनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वर्ल्डकप सेमीफाइनल के लिए अब तक तीन टीमें भारत, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया पहले ही तय हो चुकी हैं, जबकि चौथी टीम के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी दावेदारी बेहद मजबूत कर ली है। अब यदि पाकिस्तान को सेमीफाइनल में एंट्री करनी है, तो अपने आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 287 रनों के बड़े मार्जिन से हराना होगा।





### अफगानिस्तान टीम भी लगभग हुई बाहर

अफगानिस्तान को भी अपने आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका को काफी बड़े अंतर से हराना होगा, मगर अफगानिस्तान को तो बाहर ही समझना चाहिए, क्योंकि उसके लिए भी यह नामुमकिन ही होगा। ऐसे में न्यूजीलैंड की दावेदारी काफी ज्यादा मजबूत है। मैच में श्रीलंकाई टीम ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 172 रनों का टारगेट सेट किया था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 5 विकेट गंवाकर 23.2 ओवरों में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के लिए डेवॉन कॉन्वे ने 45, डेरेल मिचेल ने 43 और रचिन रवींद्र ने 42 रनों की पारी खेली । श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज ने 2 विकेट झटके।

### तीक्ष्णा-मदुशंका ने बचाई श्रीलंका की लाज

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही और उसने तीन रनों के स्कोर पर ही पहला विकेट खो दिया। इसके बाद कुसल परेरा ने ताबड़तोड़ बैटिंग शुरू कर दी। परेरा तो तूफानी बैटिंग कर रहे थे, लेकिन दूसरे एंड से विकेट्स गिरने का भी सिलसिला जारी था। शुरुआती पावरप्ले में श्रीलंका ने पांच विकेट खोए। 70 रनों पर पांच विकेट खोने के बाद एंजेलो मैथ्यूज और धनंजय डिसिल्वा ने 34 रनों की साझेदारी करके श्रीलंका को 100 रनों के पार पहुंचाया। फिर महीश तीक्ष्णा और दिलशान मदुशंका ने आखिरी विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी करके श्रीलंका को 171 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने सबसे ज्यादा तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

### वनडे में 10वें विकेट की पार्टनरशिप में सर्वाधिक गेंदें (श्रीलंकाई टीम)

| | | |
|---|---|---|
| 87 | दिलशान मदुशंका एंड महीश तीक्ष्णा बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु | 2023 |
| 60 | जेहान मुबारक एंड दिलहारा फर्नांडो बनाम इंग्लैंड, दांबुला | 2007 |
| 47 | रसेल अर्नोल्ड एंड पीडब्ल्यू गुणरत्ने बनाम साउथ अफ्रीका, किम्बर्ली | 2002 |

### वनडे में नंबर-9 या उससे नीचे के बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वाधिक गेंदें

- 92 जेपी यादव (भारत) बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो 2005
- 91 महीश तीक्ष्णा (श्रीलंका) बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु 2023
- 91 रावल लुईस (वेस्टइंडीज) बनाम साउथ अफ्रीका, ब्लोम्फोंटेन 1999
- 86 डैरेन गॉफ (इंग्लैंड) बनाम पाकिस्तान, लीड्स 2001

### विश्वकप में 10वें विकेट की साझेदारी में सर्वाधिक गेंदें

- 87 महीश तीक्ष्णा एंड दिलशान मदुशंका (श्रीलंका) बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु 2023
- 71 टिम डिलीडे एंड जेरोएन स्मिट्स (नीदरलैंड्स) बनाम इंग्लैंड, ईस्ट लंदन 2003
- 62 ब्रैड हैडिन एंड कमिंस (ऑस्ट्रेलिया) बनाम न्यूजीलैंड, ऑकलैंड 2015
- 60 जेम्स फ्रैंकलिन एंड जीतन पटेल (न्यूजीलैंड) बनाम एसएल, किंग्सटन 2007

### वर्ल्डकप में श्रीलंका के लिए 9वें या उससे निचले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

| | | |
|---|---|---|
| 43 | दिलशान मदुशंका एंड महीश तीक्ष्णा बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु | 2023 |
| 35 | रोनाल्ड एल्विस एंड आरजे रत्नायके बनाम इंग्लैंड, टॉन्टन | 1983 |
| 34 | मलिंडा बंडारा एंड परवेज महारूफ बनाम एयूएस, सेंट जॉर्ज | 2007 |
| 33 | वीबी जॉन एंड आरजे रत्नायके बनाम इंग्लैंड, लीड्स | 1983 |

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका कै.लेथम बो.साउदी | 2 | 8 | 0 | 0 |
| कुसल परेरा कै.सैंटनर बो.फ़र्ग्युसन | 51 | 28 | 9 | 2 |
| कुसल मेंडिस कै.रविंद्र बो.बोल्ट | 6 | 7 | 1 | 0 |
| समराविक्रमा कै.मिचेल बो.बोल्ट | 1 | 2 | 0 | 0 |
| चरिथ असलंका पगबाधा बो.बोल्ट | 8 | 8 | 1 | 0 |
| एंजलो मैथ्यूज़ कै.मिचेल बो.सैंटनर | 16 | 27 | 2 | 0 |
| धनंजय डीसिल्वा कै.मिचेल बो.सैंटनर | 19 | 24 | 2 | 1 |
| करुणारत्ना कै.लेथम बो.फ़र्ग्युसन | 6 | 17 | 1 | 0 |
| महीश थीक्षणा नाबाद | 38 | 91 | 3 | 0 |
| दुश्मांता चमीरा कै.बोल्ट बो.रविंद्र | 1 | 20 | 0 | 0 |
| दिलशान मदुशंका कै.लेथम बो.रविंद्र | 19 | 48 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त**: 4, **कुल**: 46.4 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-3, 2-30, 3-32, 4-70, 5-70, 6-104, 7-105, 8-113, 9-128, 10-171, **गेंदबाज़ी**: ट्रेंट बोल्ट 10-3-37-3, टिम साउदी 8-0-52-1, लॉकी फ़र्ग्युसन 10-2-35-2, मिचेल सैंटनर 10-2-22-2, रचिन रविंद्र 7.4-0-21-2, ग्लेन फ़िलिप्स 1-0-3-0.

| न्यूज़ीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कै.धनंजय बो.चमीरा | 45 | 42 | 9 | 0 |
| रचिन रविंद्र कै.धनंजय बो.थीक्षणा | 42 | 34 | 3 | 3 |
| केन विलियमसन बो.मैथ्यूज़ | 14 | 15 | 2 | 0 |
| डैरिल मिचेल कै.असलंका बो.मैथ्यूज़ | 43 | 31 | 5 | 2 |
| मार्क चैपमैन रन आउट | 7 | 6 | 1 | 0 |
| ग्लेन फ़िलिप्स नाबाद | 17 | 10 | 3 | 0 |
| टॉम लेथम नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 2, **कुल**: 23.2 ओवर में 172/5, **विकेट पतन**: 1-86, 2-88, 3-130, 4-145, 5-162, **गेंदबाज़ी**: दिलशान मदुशंका 6.2-0-58-0, महीश थीक्षणा 7-0-43-1, धनंजय डीसिल्वा 2-0-22-0, दुश्मांता चमीरा 4-1-20-1, एंजलो मैथ्यूज़ 4-0-29-2.

### भारत के साथ मुकाबले से पहले नीदरलैंड्स टीम में हुआ बदलाव

**पुणे, आरएनएन** । आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप में भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले अपने आखिरी मैच से पहले नीदरलैंड ने अपनी टीम में बदलाव किया है। नीदरलैंड ने तेज गेंदबाज रयान क्लेन को पीठ की चोट के कारण 15-खिलाड़ियों की टीम से हटा दिया है और युवा बल्लेबाज नोआ क्रोज को टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबले के लिए एकादश में शामिल किया है। इस बदलाव को टूर्नामेंट स्पर्धा की तकनीकी कमेटी ने गुरुवार को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बेंगलूरु में रविवार को होने वाले मुकाबले में क्रोज खेल सकते हैं। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रोज ने अपने देश के लिए सिर्फ एक एकदिवसीय मैच खेला है, जिसमें उनकी एकमात्र उपस्थिति जुलाई में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हुई थी। इस दौरान इस 23 वर्षीय खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ केवल सात रन बनाए थे।

**क्लेन की जगह नोआ क्रोज टीम में शामिल**

### वर्ल्डकप काउंटर

**बाउंड्री मीटर**

छक्के 522

चौके 1900

### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| रचिन रविंद्र | न्यूज़ीलैंड | 565 |
| क्विंटन डिकॉक | द.अफ्रीका | 550 |
| विराट कोहली | भारत | 543 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 21 |
| एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 20 |
| मार्को यानसन | द. अफ्रीका | 17 |

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | 2.456 |
| द. अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 12 | 1.376 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 | 0.861 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 | 0.743 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | 0.036 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.338 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.885 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.142 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.419 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.635 |

## अहमदाबाद में चलेगा अफगानी फिरकी का जादू या गूंजेगी अफ्रीकी शेरों की दहाड़

### दोनों के बीच टक्कर आज

**अहमदाबाद, आरएनएन।** आईसीसी वनडे विश्वकप 2023 के 42वें मैच में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान की टक्कर होने वाली है। विश्वकप का यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्र ीका के खिलाफ अफागनिस्तान के लिए यह मैच करो या मरो का है। इस मैच में अगर अफगानी टीम बहुत बड़े अंतर से जीत हासिल करती है तो वह खुद को सेमीफाइनल की रेस में बरकरार रखेगी। वहीं दूसरी साउथ अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह को सुनिश्चित कर चुकी है और वह अपने आखिरी लीग मैच में जीत के साथ अभियान का अंत करने मैदान पर उतरेगी। ऐसे में आइए जानते हैं अफगानिस्तान और साउथ अफ्र ीका के बीच खेले जाने वाले मैच के लिए कैसी होगी अहमदाबाद की पिच।

### कैसा रहेगा पिच का मिजाज

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 11 पिच है। इनमे से 5 पिच काली मिट्टी की बनी हुई है, जबकि 6 पिच मिक्स्ड है। अहमदाबाद के पिच को लेकर कहा जाता है कि शुरुआती कुछ ओवर्स के बाद बैटर्स के लिए मुफीद हो जाती है और बड़े स्कोर की उम्मीद की जाती है। ऐसे में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों की तरफ से खूब चौके और छक्के देखने को मिल सकते है। हालांकि, शाम ढलने के बाद पिच से गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। ऐसे में यहां पर एक संतुलित मैच देखने को मिलता है।

### संभावित प्लेइंग-11

**अफगानिस्तान**: रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक।

**साउथ अफ्रीका**: क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), तेम्बा बावुमा (कप्तान), रासी वान डेर डुसेन, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जानसन, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी।

## राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग में भोपाल का दबदबा



**भोपाल**। ग्वालियर में हुई मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में फास्ट्रैक स्केटिंग अकादमी ओरायन विद्यालय भोपाल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 7-9 वर्ष वर्ग में यति शर्मा ने 2 स्वर्ण व 1 रजत पदक एवं कुशल इसरानी ने 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं अर्णवी वैष्णव ने 9 से 11 वर्ष वर्ग में 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। आयु वर्ग 5 से 7 वर्ष में वेदांत राउत, यथार्थ एवं सांनवी ने 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक अपने नाम किए। आयु वर्ग 11 से 14 वर्ष में सिद्धि रघुवंशी ने 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। सभी विजेताओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर फास्ट्रैक स्केटिंग अकादमी ओरायन विद्यालय भोपाल के प्रशिक्षक सुरेन्द्र बाथम ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मेग लैनिंग ने लिया संन्यास

### तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**सिडनी**। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता लैनिंग ने अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में आठ हजार से अधिक रन बनाकर 31 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है। लैनिंग ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पाई हूं उस पर मुझे गर्व है और इस दौरान टीम के साथियों के साथ साझा किए गए पलों को मैं संजो कर रखूंगी।

मैं अपने परिवार, अपनी टीम के साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे उच्चतम स्तर पर मेरे पसंदीदा खेल को खेलने की अनुमति दी।

## मप्र का राष्ट्रीय खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

### 37 स्वर्ण, 36 रजत और 39 कांस्य सहित कुल 112 पदक जीते

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में अपने धमाकेदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुराने सभी कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए है। इन खेलों में मप्र ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 स्वर्ण, 36 रजत और 39 कांस्य पदकों समेत कुल 112 पदक अर्जित किए। शूटिंग में गुरुवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन 10 मीटर एयर रायफल स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने स्वर्णित सफलता अर्जित की। उन्होंने सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के संदीप सिंह को पराजित कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं गोल्फ की व्यक्तिगत स्पर्धा में मप्र के स्टार गोल्फर ओमप्रकाश चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अर्जित किया।

### एशियाई तीरंदाजी

## परनीत ने ज्योति को हराकर जीता स्वर्ण

### तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य के साथ भारत का अभियान समाप्त

**बैंकॉक**। युवा परनीत कौर ने गुरुवार को थाईलैंड के बैंकॉक में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य के साथ अपना अभियान समाप्त किया। परनीत कौर ने शूट-ऑफ में ज्योति सुरेखा वेन्नम को 9-8 से हराया। दोनों तीरंदाज पांच सेटों के अंत में 145 की बराबरी पर थे। इससे पहले सेमीफाइनल में परनीत कौर ने कजाकिस्तान की लियान विक्टोरिया को 147-145 से हराया था। कौर क्वालीफाइंग राउंड में चौथे स्थान पर रहीं थी। इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ को 148-145 से हराया था। क्वालीफाइंग राउंड में वह तीसरे स्थान पर रही थीं। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही।

प्रमोशन

### वंदे भारत एक्सप्रेस से कई दिग्गज क्रिकेटर दिल्ली के लिए हुए रवाना

## भोपाल से शुरू हुआ लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी टूर

● भोपाल



भारत में खेल संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा भारतीय रेलवे की साझेदारी के साथ लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी टूर की शुरुआत गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन पर सुबह वन्दे भारत ट्रेन से की गई। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने भारतीय रेलवे के साथ मिलकर एक नेशनल कैंपेन का ऐलान किया है।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी को 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ले जाया जाएगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी ने अपने इस अभियान की शुरुआत गुरुवार देर रात वंदे भारत एक्सप्रेस से की। इस दौरान कई दिग्गज क्रिकेटर देश के सबसे तेज ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से लीजेंड्स लीग क्रिकेट का हिस्सा बने। इस दौरान रानी कमलापति स्टेशन पर दुनिया के जाने माने क्रिकेटर जोंटी रोड्स, मोंटी पनेसर, सैयद किरमानी और मध्य प्रदेश के खिलाड़ी ईश्वर पांडे मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हम वंदे भारत में लीजेंड्स लीग क्रिकेट और दिग्गज खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं और हम देशभर में खेलों को बढ़ावा देने की इस अविश्वसनीय यात्रा के लिए उत्साहित हैं।

### 17 राज्यों में घूमेगी ट्रॉफी

क्रिकेट का प्रमोशन करने के लिए ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यात्रा करेगी। अपनी तरह का यह अनोखा पहला अनुभव देश के हर हिस्से के क्रिकेट प्रेमियों की कल्पना को सम्मान देने के लिए 15 दिनों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। खेल के दिग्गजों के साथ क्रिकेटप्रेमी देश के सबसे तेज ट्रेन नेटवर्क-वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से लीजेंड्स लीग क्रिकेट का हिस्सा बनेंगे।

## कम बजट में हनीमून के लिए बेस्ट हैं विदेश की ये जगहें, खास लम्हे बन जाएंगे यादगार

विदेश में हनीमून मनाने का सपना हर कपल का होता है। लेकिन कई बार जगह तो कई बार पैसों के कारण यह प्लान कैंसिल हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी विदेश में कुछ ऐसी जगहों की तलाश में हैं, जहां पर आप सस्ते में ट्रेवल कर सकें, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत के बेहद करीब कुछ ऐसे डिस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बजट फ्रेंडली ट्रिप प्लान कर सकते हैं। इन देशों की नाइटलाइफ देखकर आपको एक अलग एक्सपीरियंस होगा। इतना ही नहीं इसके अलावा आप सस्ते में इन जगहों को अच्छे से एक्सप्लोर भी कर पाएंगे। हांलाकि इन देशों में घूमने के दौरान आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पैसे बचाने के लिए और सस्ते में ट्रिप प्लान करने के लिए आप हॉस्टल में रुक सकते हैं, किसी सस्ते रेस्तरां में खाना खा सकते हैं, कैब की जगह बस आदि से सफर कर सकते हैं। इस तरह से आपका पूरा बजट 40 से 50 हजार तक के बीच में बैठ सकता है। तो आइए बिना देर किए जानते हैं इन 5 फॉरेन डेस्टिनेशन के बारे में, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ नए सफर की शुरूआत कर सकते हैं।

**थाइलैंड**- भारत से नजदीक और विदेश यात्रा के लिए थाइलैंड से खूबसूरत जगह और कौन सी हो सकती है। भारतीयों के लिए थाइलैंड हमेशा से लिस्ट में टॉप पर रहा है। आप मात्र 40 हजार रुपए में थाइलैंड का ट्रिप प्लान कर सकते हैं। यहां पर आप समुद्र तट, पहाड़ी, सांस्कृतिक जगहें देख सकते हैं। एक बेहतर नाइटलाइफ जीने के लिए थाईलैंड से बेहतरीन कुछ नहीं है। इसके अलावा हनीमून के दौरान आप कई वॉटर एक्टिविटीज में भी शामिल हो सकते हैं।

आने-जाने का खर्च- दिल्ली और मुंबई से करीबन 17000 से 20000 रुपए

रहने के लिए- हॉस्टल आपको यहां कम से कम 500 रुपए में मिल जाएंगे।

**इंडोनेशिया**- हनीमून के लिए कपल्स की पसंद वाली भी रहती है। सस्ते में घूमने के लिहाज से भी इंडोनेशिया अच्छा ऑप्शन है। हजारों ज्वालामुखी द्वीपों से बना इंडोनेशिया एक्सप्लोर करने के लिए काफी अच्छा है। यहां पर आप पुराने मंदिरों, बाजारों, जकार्ता से सुमात्रा तक, समुद्र तटों और वाइल्डलाइफ टूरिस्ट प्लेस को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर भी आप 40 हजार रुपए तक में ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

आने-जाने का खर्च- दिल्ली से करीबन 2500 रुपए

रहने की जगह- हॉस्टल कम से कम 500 से 800 रुपए

**वियतनाम**- भारत के करीबी डेस्टिनेशन में वियतनाम भी शामिल है। यहां पर आप कम बजट में आसानी से घूम सकते हैं। इसके अलावा यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्मारकों, शांत समुद्री तटों और बढ़िया खाना आपके ट्रिप को शानदार बना देगा। यहां पर आप काफी सस्ते में स्ट्रीट फूड का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

आने-जाने का खर्च- दिल्ली से करीबन 18000 से 20000 रुपए है।

रहने की जगह- 500 से 900 रुपए में हॉस्टल

**दुबई**- हांलाकि घूमने के लिहाज से दुबई आपको थोड़ा महंगा जरूर पड़ सकता है। लेकिन अगर आप थोड़ा सा संभल के चलते हैं तो 40 हजार रुपए में आप दुबई ट्रिप प्लान कर सकते हैं। इसके लिए आप ऑफ सीजन में दुबई ट्रिप प्लान करें। दुबई की गगनचुंबी इमारतें और रंग-बिरंगे बाजारों के नजारे आपका मन मोह लेंगी। इसके अलावा आप यहां से एंटीक और यूनिक चीजें खरीदना मिस ना करें।

## शोधकर्ताओं की चेतावनी 2026 तक एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है

- इस पर मंथन कि फिर क्या होगा?
- वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है?
- सोशल मीडिया पोस्ट या धुंधली तस्वीरें प्राप्त करना आसान है, लेकिन उच्च प्रदर्शन वाले एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म से लिया गया टेक्स्ट पक्षपातपूर्ण और भ्रामक हो सकता है, या इसमें दुष्प्रचार या अवैध सामग्री शामिल हो सकती है जिसे मॉडल द्वारा दोहराया जा सकता है।
- जब माइक्रोसॉफ्ट ने ट्विटर सामग्री का उपयोग करके अपने एआई बॉट को प्रशिक्षित करने की कोशिश की, तो उसने नस्लवादी और महिलाविरोधी आउटपुट उत्पन्न करना सीख लिया। यही कारण है कि एआई डेवलपर्स किताबों से पाठ, ऑनलाइन लेख, वैज्ञानिक पेपर, विकिपीडिया और कुछ फ़िल्टर की गई वेब सामग्री जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की तलाश करते हैं।



# एआई का ज्ञान
## सीमित रह जाने का खतरा

**सिडनी (द कन्वरसेशन)।** जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है - वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है?

**एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है?** शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा। प्रशिक्षण डेटा की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है. निम्न-गुणवत्ता वाला डेटा जैसे कि सोशल मीडिया पोस्ट या धुंधली तस्वीरें प्राप्त करना आसान है, लेकिन उच्च प्रदर्शन वाले एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म से लिया गया टेक्स्ट पक्षपातपूर्ण और भ्रामक हो सकता है, या इसमें दुष्प्रचार या अवैध सामग्री शामिल हो सकती है जिसे मॉडल द्वारा दोहराया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब माइक्रोसॉफ्ट ने ट्विटर सामग्री का उपयोग करके अपने एआई बॉट को प्रशिक्षित करने की कोशिश की, तो उसने नस्लवादी और महिलाविरोधी आउटपुट उत्पन्न करना सीख लिया। यही कारण है कि एआई डेवलपर्स किताबों से पाठ, ऑनलाइन लेख, वैज्ञानिक पेपर, विकिपीडिया और कुछ फ़िल्टर की गई वेब सामग्री जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की तलाश करते हैं। गूगल असिस्टेंट को अधिक संवादात्मक बनाने के लिए स्व-प्रकाशन साइट स्मैशवर्ड्स से लिए गए 11,000 रोमांस उपन्यासों पर प्रशिक्षित किया गया था।



**क्या हमारे पास पर्याप्त डेटा है?** एआई उद्योग बड़े डेटासेट पर एआई सिस्टम का प्रशिक्षण कर रहा है, यही कारण है कि अब हमारे पास चैटजीपीटी या डीएएलएल-ई 3 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले मॉडल हैं। साथ ही, शोध से पता चलता है कि ऑनलाइन डेटा स्टॉक एआई को प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किए गए डेटासेट की तुलना में बहुत धीमी गति से बढ़ रहे हैं। पिछले साल प्रकाशित एक पेपर में, शोधकर्ताओं के एक समूह ने भविष्यवाणी की थी कि अगर मौजूदा एआई प्रशिक्षण रुझान जारी रहा तो हमारे पास 2026 से पहले उच्च गुणवत्ता वाला टेक्स्ट डेटा खत्म हो जाएगा।


- चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था।
- एआई डेवलपर्स किताबों से पाठ, ऑनलाइन लेख, वैज्ञानिक पेपर, विकिपीडिया और कुछ फ़िल्टर की गई वेब सामग्री जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की तलाश करते हैं। गूगल असिस्टेंट को अधिक संवादात्मक बनाने के लिए स्व-प्रकाशन साइट स्मैशवर्ड्स से लिए गए 11,000 रोमांस उपन्यासों पर प्रशिक्षित किया गया था।

**क्या हमें चिंतित होना चाहिए?**

हालाँकि उपरोक्त बिंदु कुछ एआई प्रशंसकों को चिंतित कर सकते हैं, स्थिति उतनी बुरी नहीं हो सकती जितनी दिखती है। भविष्य में एआई मॉडल कैसे विकसित होंगे, इसके बारे में कई चीजों के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है, साथ ही डेटा की कमी के जोखिम को दूर करने के कुछ तरीके भी हैं। एआई डेवलपर्स के लिए एल्गोरिदम में सुधार करने का एक अवसर है ताकि वे अपने पास पहले से मौजूद डेटा का अधिक कुशलता से उपयोग कर सकें। संभावना है कि आने वाले वर्षों में वे कम डेटा और संभवतः कम कम्प्यूटेशनल शक्ति का उपयोग करके उच्च प्रदर्शन वाले एआई सिस्टम को प्रशिक्षित करने में सक्षम होंगे। इससे एआई के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी मदद मिलेगी।

## डिज्नी प्लस हॉटस्टार
### भारत में खोए लाखों ग्राहक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने 30 सितम्बर को समाप्त तिमाही में भारत में 2.8 मिलियन ग्राहक खो दिए हैं। डिज्नी के सीईओ बॉब इगर ने कहा है कि इसके बावजूद वे भारतीय बाजार में बने रहना चाहेंगे। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास तीसरी तिमाही में 37.6 मिलियन ग्राहक थे, जो इस साल भारत में दूसरी तिमाही में 40.4 मिलियन से कम हैं। बुधवार देर रात तिमाही नतीजों के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत में, इगर ने कहा कि भारत में, हमारा लीनियर व्यवसाय वास्तव में काफी अच्छा है। इगर ने विश्लेषकों को बताया, मैं जानता हूं कि मैंने यह पहले भी कहा है, इससे मुझे




हमेशा परेशानी होती है। लेकिन हम अपने विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास अपना हाथ मजबूत करने का अवसर है। यह अब शायद दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है या शायद अभी भी चीन के बाद दूसरे स्थान पर है और उनसे आगे निकलने वाला है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारतीय बाजार में बने रहना चाहेगी।



## कमला हैरिस ने भी अपने आवास पर दिवाली मनाई

वाशिंगटन,(भाषा)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने आधिकारिक आवास पर दिवाली मनाई और इस दौरान उन्होंने मेहमानों से कहा कि प्रकाश के इस त्योहार को मनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया आज इस्राइल और हमास के बीच युद्ध के चलते 'कठिन और अंधकार के दौर' से गुजर रही है। भारतीय मूल की हैरिस (59) ने समय से पूर्व, मंगलवार को अपने आवास पर दिवाली मनाई। हैरिस ने उनके भारतीय-अमेरिकी मेहमानों को संबोधित करते हुए कहा, 'हम दिवाली ऐसे समय में मना रहे हैं जब दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है। ऐसे में इस पर्व के महत्व को समझना भी जरूरी है। दिवाली का पर्व प्रकाश और अंधेरे के बीच अंतर को समझाता है।'



## दिवाली की खुशियों में
### ओटीटी पर चमकेंगी पिप्पा, घूमर और वलाट्टी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** रोशनी के त्योहार से पहले डिजिटल प्लेटफॉर्म नई रोमांचक सीरीज और फिल्मों से भरे हुए हैं। जो आपको अपनी सीट से बांधे रखेंगे। ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' से लेकर अभिषेक बच्चन अभिनीत प्रेरक कहानी 'घूमर' तक। वलाट्टी एक मलयालम साहसिक कॉमेडी ड्रामा है, जिसे देवन जयकुमार द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। इसमें रोशन मैथ्यू, रवीना रवि, सौबिन शाहिर, सनी वेन, सैजू कुरुप और अजू वगीस की आवाजें हैं। मेकर्स ने फिल्म में बिना वीएफएक्स के असली कुत्तों को एक्टर के तौर पर इस्तेमाल किया है। इसकी स्ट्रीमिंग 7 नवम्बर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, मलायालाम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में होगी। विजिलेंटे कोरियाई श्रृंखला 'विजिलेंटे' में नाम जू-ह्युक, यू जी-ताए, ली जून-ह्युक और किम सो-जिन शामिल हैं। किम ग्यु-सैम के इसी नाम के नेवर वेबटून पर आधारित, यह सीरीज पुलिस अकादमी के एक मॉडल छात्र पर आधारित है जो दिन के दौरान कानून की रक्षा करता है, लेकिन रात में एक विजिलेंटे के रूप में रहता है। यह 8 नवम्बर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई। ईशान खट्टर अभिनीत युद्ध फिल्म पिप्पा इतिहास के एक ऐतिहासिक क्षण, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गरीबपुर की लड़ाई की एक रोमांचक कहानी है, जो बांग्लादेश की स्वतंत्रता के संघर्ष में महत्वपूर्ण थी। फिल्म में ईशान के अलावा वास्तविक जीवन के युद्ध नायक कैप्टन बलराम सिंह मेहता के साथ-साथ इसमें मृणाल ठाकुर, प्रियांशु पैन्यूली और सोनी राजदान प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की किताब 'द बर्निंग चैफीज' पर आधारित है। यह 10 नवम्बर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। घूमर एक प्रेरणादायक कहानी है। फिल्म में अभिषेक बच्चन, शबाना आजमी, सैयामी खेर, अंगद बेदी जैसे कलाकार हैं और इसमें अमिताभ बच्चन की विशेष भूमिका है। आर बाल्की द्वारा निर्देशित, घूमर का निर्माण होप फिल्म मेकर्स और सरस्वती एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। यह कई परतों वाली एक भावनात्मक कहानी है। 'घूमर' में, सैयामी ने एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर अनीना दीक्षित का किरदार निभाया है।



## दिसम्बर से 'वॉर 2' की शूटिंग में
# जुटेंगे ऋतिक रोशन

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन दिसम्बर से 'वॉर 2' की शूटिंग में जुटेंगे। ऋतिक रोशन ने हाल ही में सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' की शूटिंग पूरी की है। ऋतिक ने अब अयान मुखर्जी निर्देशित 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने मेकर्स के साथ एक प्रोमो शूट किया है। हालांकि, वह पूरी तरह से दिसम्बर में इस पर जुटेंगे। नवम्बर तक वे फिल्म 'फाइटर' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम कंप्लीट करेंगे। इस प्रोमो शूट में अभी सिर्फ ऋतिक के ही शॉट लिए गए। जूनियर एनटीआर के शॉट बाद में लिए जाएंगे। एनटीआर इन दिनों साउथ में अपने किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी हैं। दिसम्बर एंड से टीम अबु धाबी का रुख करेंगी। वहां दो हफ्ते तक इसकी शूटिंग होगी।






**मुंबई (आईएएनएस)।** 'कॉफी विद करण' के नवीनतम एपिसोड में अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान ने अक्सर स्टार डॉटर्स के साथ पाटी करते देखे जाने वाले इंटरनेट सनसनी ओरहान अवत्रामणि (ओरी) के बारे में बात की। ओरी को कई मशहूर हस्तियों के साथ पोज देते देखा गया है और इससे इंटरनेट पर आश्चर्य हो रहा है कि वह कौन है और वह अपनी आजीविका के लिए क्या करता है। दरअसल दोनों एक्ट्रेस को उनके प्रोफेशन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। एपिसोड के दौरान, शो के होस्ट करण जौहर ने पूछा: ओरी कौन है, वह क्या करता है? सारा ने कहा, ओरी? कौन नहीं जानता कि ओरी कौन है? अनन्या को एक बार याद आया जब ओरी ने उसे बताया था कि वह कौन है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लोग उसे पसंद करते हैं, लेकिन वह गलतफहमी का शिकार भी है। सारा ने चिल्लाते हुए कहा : ओरी वास्तव में एक मजाकिया व्यक्ति है। अनन्या ने कहा, वह कैप्शन्स लिखने में अच्छा है, मैं उससे कैप्शन्स के बारे में राय लेती रहती हूं।

## अनन्या पांडे और सारा
### ने बताया आखिर कौन हैं ओरी

## मन्नारा ने खानजादी पर
### एक और अपमानजनक टिप्पणी की

**मुंबई (आईएएनएस)।** 'बिग बॉस 17' के नवीनतम एपिसोड में अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा ने एक बार फिर अपनी हाउसमेट खानजादी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है और उन्हें 'चरित्रहीन' कहा है। नवीनतम एपिसोड में अंकिता लोखंडे ने मन्नारा को भावुक और बगीचे में अकेले बैठे देखा। हालांकि अंकिता से बातचीत के बीच मन्नारा ने एक बार फिर खानजादी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, अंकिता ने उसे रोकने की जल्दी की। मन्नारा नहीं रुकीं और उन्होंने टिप्पणी की, मैं घर जाना चाहती हूं, मैं इस तरह की शख्सियत नहीं हूं। मैं अपना प्रदर्शन अच्छा रखना चाहती हूं। अभी मैं जो आपको शब्द बोल रही हूं शायद वो कठोर हो या शो के मुताबिक नहीं है, पर मैं ऐसी चरित्रहीन लड़कियां नहीं देख सकती। इसके बाद उन्होंने अभिषेक कुमार और खानजादी के बीच पनप रहे रोमांस की ओर इशारा करते हुए टिप्पणी की।




## छठ गीत 'आरा से हरी हरी उखिया' रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** गायक नवरत्न पांडेय, गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री लवली काजल का छठ गीत'आरा से हरी हरी उखिया'रिलीज हो गया है। इस गीत को सिंगर एक्टर नवरत्न पांडेय और शिल्पी राज ने गाया है। यह गीत छठ पूजा की तैयारी को लेकर बनाया गया है। पूजा में क्या क्या सामग्री लगेगी, क्या खरीदा गया है और क्या लाना बाकी है। इसी सबका वर्णन इस गाने में किया गया है। गीतकार शुभदयाल सोहरा के लिखे इस गीत को मधुर संगीत से संगीतकार विकास यादव ने सजाया है। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट हैं।

**मुंबई (आईएएनएस)।** 'जरा हटके जरा बचके', 'अतरंगी रे', 'केदारनाथ' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री सारा अली खान ने पूर्व प्रेमी कार्तिक आर्यन के साथ रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। सारा ने अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण' के 8वें सीजन के नवीनतम एपिसोड में भाग लिया। एपिसोड के दौरान करण जौहर ने उल्लेख किया कि दोनों अभिनेत्रियों का पूर्व प्रेमी एक है, जिसे उन्होंने अलग-अलग समय पर डेट किया। उसी के बारे में बात करते हुए करण ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि आप फिल्मों में समान रास्ते के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। आपके पूर्व-प्रेमी भी समान हैं।

यह बिल्कुल सामान्य बात है। फिल्म निर्माता ने आगे उल्लेख किया, वास्तव में आप दोनों कार्तिक के साथ बहुत सभ्य हैं, मेरा मतलब है कि यह कहां से शुरू हुआ, और यह बहुत अच्छा है। बात यह है कि आप अपने पूर्व-साथी के साथ सहज रह सकते हैं, भले ही आपने एक ही आदमी को डेट किया हो। यह काफी आसान है, है ना? इसका जवाब देते हुए सारा ने कहा, ऐसा नहीं है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आपको इससे आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में कोई हमेशा के लिए आपका दोस्त रहेगा या आप कभी किसी से बात नहीं करेंगे यह कोई बात नहीं है।



## कार्तिक से ब्रेकअप पर बोली
# सारा अली खान
### यह हमेशा आसान नहीं होता

# सीएम योगी से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार जी के नेतृत्व में विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक में पदोन्नति के बाद 17140/18150 का न्यूनतम वेतनमान देने, सभी शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सा का लाभ देने, शिक्षकों को 20 लाख रुपए का सामूहिक तथा 40 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देने, शिक्षकों को प्रतिवर्ष 15 ईएल देने एवं परिषदीय विद्यालयों की अवकाश तालिका में पितृ विसर्जन, नवरात्र के प्रथम दिन एवं अष्टमी के अवकाश को शामिल करने सहित छः सूत्री मांगों पर उनके कालिदास मार्ग स्थित कार्यालय पर मुलाकात एवं सकारात्मक वार्ता किया। महेंद्र कुमार के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश(प्राथमिक संवर्ग)के महामंत्री भगवती सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य में 1अप्रैल 2005 को लागू हुए एनपीएस से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व 14 जनवरी 2004 के विज्ञापन से चयनित/नियुक्त विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के शिक्षकों को बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा 1 अप्रैल 2005 के पुर्व के विज्ञापन से चयनित/नियुक्त शिक्षकों का विवरण देने हेतु समस्त बीएसए को जारी 1 नवंबर 2023 के अपने पत्र में शामिल न करने का विशेष नोट लगाने से हुई पीड़ा को सीएम योगी को बताते हुए उन्हें अवगत कराया कि विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के शिक्षकों की भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने 5 मई 2003 को सर्वप्रथम 46189 पदों का सृजन किया फिर इन पदों के सापेक्ष चयनित करने के लिए 14 जनवरी 2004 को विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण के लिए शासनादेश जारी किया जिसके क्रम में प्रदेश में 46189 विशिष्ट बीटीसी शिक्षक चयनित/प्रशिक्षित/नियुक्त हुए इसलिए यह सभी शिक्षक केंद्र सरकार के द्वारा 3 मार्च 2023 को जारी पेंशन मेमोरेंडम जिसमें एनपीएस नोटिफिकेशन के पुर्व के विज्ञापन से चयनित समस्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन देने का प्रावधान किया गया है के अंतर्गत आएंगे अतः इन समस्त शिक्षकों को 1 अप्रैल 2005 के पुर्व के विज्ञापन से चयनित कार्मिकों के विवरण में शामिल करने हेतु निदेशक(बेसिक शिक्षा )को आदेशित करने का कष्ट करें तथा ऐसे सभी शिक्षकों को केंद्र के 3 मार्च 2023 के मेमोरेंडम की तरह उत्तर प्रदेश राज्य में भी मेमोरेंडम लाकर पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की कृपा करें जैसा उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्य की भाजपा नीत सरकारों ने अपने राज्य में केंद्र के समान मेमोरेंडम लाकर एनपीएस नोटिफिकेशन के पुर्व के विज्ञापन से चयनित शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प चुनने का अवसर दे दिया है जिस पर सीएम योगी ने प्रकरण का परीक्षण कराकर इस विषय का पटाक्षेप करने का आश्वासन दिया और पत्र को मार्क करके अपने कार्यालय सचिव को दिया। पदोन्नति के बाद 17140/18150 का न्यूनतम वेतनमान न मिलने से हुई वेतन विसंगति दूर करने के विषय पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रकरण का परीक्षण कराकर हल कराने का आश्वासन दिया। राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सा देने के विषय पर सीएम काफी सकारात्मक रहे और कहा कि राज्य के सभी कर्मचारियों शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा देना उनकी प्राथमिकता में है। सामूहिक एवं दुर्घटना बीमा पर भी सीएम ने सकारात्मक रुख दिखाया। शिक्षकों को वार्षिक 15 ईएल एवं परिषदीय विद्यालयों के अवकाश तालिका में पित्र विसर्जन नवरात्र के प्रथम एवं आठवें दिन अवकाश के मुद्दे पर मुख्यमंत्री का रुख सकारात्मक रहा और पत्र को मार्क करके अपने सचिव को दिया। मुख्यमंत्री से सफल वार्ता में उपरोक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के सभी संवर्गों की प्रदेश अध्यक्ष निर्मला यादव, प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह तथा माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्रपाल शामिल थे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष पवन शंकर दीक्षित एवं प्रदेश संयुक्त मंत्री शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" इस दौरान सचिवालय में उपस्थित रहे।

# करिया के एनजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया दिवाली का पर्व

प्रखर घघसरा गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत ग्राम करिया के एनजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया धूम धाम से दीपावली का पर्व एनजी पब्लिक स्कूल करिया के बच्चों ने स्कूल में शुक्रवार को दीपावली सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




इस मौके पर कई प्रतियोगिताएं हुई। बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ रंगोली बनाई। स्कूल के प्रबंधक प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों द्वारा दीपावली सेलिब्रेशन किया। इसमें सभी बच्चे विभिन्न परिधानों में सज-संवर कर आए थे। बच्चों ने सुंदर रंगोली, कागज पर दिए बनाई। दीया डेकोरेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस उत्सव पर दीपावली का त्योहार सुरक्षित तरीके से मनाने की सलाह दी। पर्यावरण बचाने के लिए दिवाली पर तेज आतिशबाजी नहीं कर सुखद व स्वच्छ दीवाली मनाने का सभी को संदेश दिया। शिक्षकों ने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई का मानसिक तनाव न हो इसलिए इस तरह के आयोजन से बच्चों में क्रिएटिविटी वर्क को निखारने के साथ पढ़ाई के बोझ को कम करने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्रीनिवास त्रिपाठी अध्यापक उत्सव श्रीवास्तव, आलोक मौर्य, रोहन वर्मा श्रवण गुप्ता, तनु श्रीवास्तव, अंशिका पूजा पांडे, सुप्रिया, नीलम सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहें।

# जनता के सहयोग से होगा पुलिस चौकी भवन और मंदिर का जीर्णोद्धार



प्रखर थानागद्दी जौनपुर। पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा ने केराकत थाना क्षेत्र के थानागद्दी चौकी परिसर में चौकी भवन के जीर्णोद्धार और मंदिर निर्माण के कार्य की शुरवात भूमि पूजन कर किया। कई दशकों ने सीमेंट सेड में चौकी चल रही थी। जिसमें पुलिस कर्मियों को रहने में काफी दिक्कतों का सामान करना पड़ता था। थानागद्दी चौकी इंचार्ज विद्यासागर सिंह ने एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और व्यवसाईयों के साथ एक बैठक कर चौकी की के जीर्णोद्धार के लिए अनुरोध किया था, जिस पर सभी ने सहयोग का आश्वासन दिया था। कोतवाल रामजनम यादव ने बताया कि जनता के सहयोग से जर्जर चौकी के भवन का जीर्णोद्धार व चौकी परिसर में मंदिर निर्माण का कार्य किया जाएगा। सीओ गौरव शर्मा ने कहा कि जनता के सहयोग के बिना कोई भी काम नहीं हो सकता है। जनता की सेवा के लिए ही हम सभी हैं। उनके हितों का हमेशा ख्याल रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर एसओ रामजनम यादव, मिथलेश सिंह, हरिंद्र कुमार, प्रेम प्रकाश सिंह, शेषनाथ आदि मौजूद थे।

# डीएम महेंद्र सिंह तंवर का संतकबीरनगर जनपदवासियों से अपील, सुरक्षित तरीके तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाएं दीपावली का पर्व

प्रखर संतकबीरनगर। जनपद में दीपावली के पर्व को सुरक्षित एवं अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से सुव्यवस्थित बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आमजन से अपील किया है कि दीपावली के पर्व पर घरों के अंदर पटाखे न जलाएं, केवल खुले स्थानों पर ही पटाखे चलाएं, पटाखे चलाते समय पानी व बालू का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में रखे ताकि आग लगने पर उसको बुझाया जा सके, पटाखों की दुकान गली मोहल्ला आदि में न लगाए बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही लगाएं। उन्होंने बताया कि पटाखो की दुकान के पास दुकानदारों द्वारा पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी व फायर एस्टिंगयूसर रखे जाये, ज्वलनशील पदार्थ जैसे-गैस केरोसीन, पेट्रोल आदि के भंडार के आस पास भी पटाखे न चलाए, वाहनों के पास पटाखे न चलाए, टेंट, शामियाना, पंडाल के पास भी पटाखे न चलाए एवं अधिक आवाज वाले पटाखों जैसे राकेट, बम्ब आदि का इस्तेमाल ना करे। उन्होने बताया है कि छोटे बच्चों को पटाखे चलाते समय दूर रखे तथा ढीले कपड़े पहन कर पटाखे ना चलाए, निर्धारित समय सीमा में ही पटाखे चलाये, देर रात तक पटाखे ना चलाए, हास्पीटल/नर्सिंगहोम व स्कूल के पास पटाखे न जलाएं , फैक्ट्री के आसपास भी पटाखे ना चालाए, आग लगने की स्थिति में डायल 112 नम्बर पर सूचना दें, जिससे तत्काल कार्यवाही की जा सके, आग लगने की स्थिति में घटना की सही-सही जानकारी दें, लक्ष्मी पूजन के स्थान से ज्वलनशील पदार्थ तथा परदा आदि दूर रखें, दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजाएं, बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें तथा शार्ट सर्किट होने पर आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें। उन्होने बताया कि बाजार से लाए गये पटाखों को घर के व्यस्क व्यक्ति के नियंत्रण में सुरक्षित स्थान पर रखें, झुग्गी, झोपड़ी आरा मशीन, भूसे के ढेर आदि की



दीपावली पर्व में दिन-रात एक संगठन टोली द्वारा उनकी बारी-बारी से निगरानी की जाए, आग लगने पर आग-आग चिल्लाये, जिससे अधिक से अधिक लोग सहायता हेतु एकत्र हो सके, पटाखों से कपड़ों में आग लगने पर बुझाने है, तो पानी का प्रयोग करें, कपड़ों में लगी आग को बुझाने हेतु मोटे कपड़े जैसे परदा या कंबल का प्रयोग किया जा सकता है, कपड़ों में आग लगने पर दौड़े नही बल्कि जमीन पर लेटकर लुढके, पटाखों से जल जाने पर ठंडा पानी का प्रयोग करे तथा तत्काल चिकित्सक की सलाह लें।

# खेल से सर्वांगीण विकास के साथ आत्मबल बढ़ता है : डॉ. अवधेश सिंह



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि खेल से सर्वांगीण विकास होने के साथ आत्मबल बढ़ता है जो व्यक्ति को जीवंत बनाता है। जिससे वह हर असम्भव को संभव बनाने की कोशिश करता है। उक्त बातें पिंडरा ब्लॉक के दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहाकि खेल से जो आत्मबल मिलता है वह जीवन के हर मोड़ पर सम्बल प्रदान करता है।इसके पूर्व विधायक ने बाबतपुर स्थित बीआईटी के खेल मैदान पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में पिंडरा न्यायपंचयत को प्रथम, अहरक को द्वितीय तथा फूलपुर न्याय पंचायत को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय रमईपट्टी के छात्राओ द्वारा योगा में विशेष प्रदर्शन करने पर छात्राओ के साथ उनके शिक्षक कमलेश पांडेय को मेडल व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। किया। इसके अलावा पीटी में शानदार प्रदर्शन करने पर पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय समोगरा पिंडरा के बच्चों के करतल ध्वनि पर मुग्ध होकर शाबाशी दी और मेडल पहनाया। स्वागत भाषण बीईओ देवीप्रसाद दुबे, अध्यक्षता पूर्व बीईओ मंगरु राम, संचालन अंकिता श्रीवास्तव व स्मृति मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कैलाश यादव ने दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ छोटेलाल तिवारी, बीआईटी प्रबन्धक प्रवीण राय, प्रिंसिपल संजय जायसवाल, प्रमोद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, शैलेश मिश्रा, सुनील सिंह, रामसेवक यादव, संजय सिंह, चंद्रशेखर सरोज, मनीष दुबे, धर्मेंद्र सिंह, क्षितिज दीक्षित व अखिलेश मिश्रा समेत अनेक शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

# बयालसी पी.जी. कॉलेज जलालपुर का वाराणसी औद्योगिक क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

प्रखर जलालपुर (जौनपुर)। भारतीय मानक ब्यूरो और समाजशास्त्र विभाग, बयालसी पी.जी. कॉलेज जलालपुर जौनपुर द्वारा औद्योगिक भ्रमण का आयोजन प्राचार्या डॉ अल्केशवरी सिंह और महाविद्यालय प्रशासन की अनुमति से किया गया। यह एक दिवसीय भ्रमण छात्र-छात्रों और पेशेवरों को पारले-जी (बिस्कुट) कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली विनिर्माण प्रक्रियाओं और मानकों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। पारले जी फैक्ट्री वाराणसी औद्योगिक क्षेत्र में एक प्रसिद्ध प्रतिष्ठान है, जो गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय मानकों के पालन के लिए जाना जाता है। फैक्टरी बिस्कुट के उत्पादन में माहिर है। अत्याधुनिक सुविधाओं और समर्पित कार्यबल के साथ, पारले जी फैक्ट्री को अपने क्षेत्र में अग्रणी के रूप में मान्यता दी गई है। औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य प्रतिभागियों को विनिर्माण उद्योग में शामिल संचालन और प्रक्रियाओं की व्यापक समझ




प्रदान करना है। उपस्थित लोगों को पारले जी फैक्ट्री में उपयोग की जाने वाली उन्नत मशीनरी और उपकरणों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका मिला, साथ ही उद्योग के पेशेवरों के साथ बातचीत करने का मौका मिला जो अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करते हैं। यह भ्रमण भारतीय मानक ब्यूरो और समाजशास्त्र विभाग, बयालसी पी.जी. महाविद्यालय जलालपुर जौनपुर के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास रहा। भारतीय मानक ब्यूरो, भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में, विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दूसरी ओर, समाजशास्त्र विभाग अपने छात्रों के लिए उद्योग अनुभव के महत्व को पहचानता है और इसका उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पाटना है। औद्योगिक भ्रमण इंजीनियरिंग, विनिर्माण और समाजशास्त्र से संबंधित पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों के साथ-साथ संबंधित उद्योगों के पेशेवरों के लिए एक सुवसर रहा है। प्रतिभागियों को अपने पेशेवर नेटवर्क का विस्तार करने, मूल्यवान उद्योग अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और पैराले जी फैक्ट्री द्वारा अपनाई जाने वाली विनिर्माण प्रक्रियाओं और मानकों के बारे में अपनी समझ बढ़ाने का अवसर मिला। इस औद्योगिक भ्रमण में समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. आशुतोष पाण्डेय, अनिल कुमार, सफीउल्लाह अंसारी, डॉ. जितेंद्र प्रसाद यादव और लालसाहब चौहान के साथ स्नातक कला, भाषा और विज्ञान संकाय के लगभग 40 छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

# निगम की योजनाओं की दी गई जानकारी



प्रखर जखनियां गाजीपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम के वाराणसी मंडल की प्रोजेक्ट मैनेजर अमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा निगम की योजनाओं की जानकारी देने के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवो में शिविर के माध्यम से परसुपुर, रामबन , तिरछी,गौरा नाम जद लालपुर ,रेवरिया, जलालाबाद में शिविर लगाकर निगम द्वारा जारी की गई आजीवन गारंटीड योजनाओं के साथ ही निगम की अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए, बताया कि आज यह संस्था विश्व की आर्थिक रूप से अग्रणी संस्था के रूप में एलआईसी ब्रांड बनी है। जिसके माध्यम से गरीब से लेकर आमिर तक सभी वर्ग के लिए योजनाओं के माध्यम से निगम के अभिकर्ता जन-जन तक आलख लगा रहे हैं । जिसके माध्यम से जनहित की तमाम योजनाएं चुनने के लिए निवेशक भी स्वतंत्र है। इन्हीं को लेकर यह संस्था विश्वास का प्रतीक बनी है। जिसमें जीवन अक्षय ,जीवन शांति, जीवन उमंग ,जीवन आनंद ,सहित अन्य योजनाएं आजीवन गारंटीड भुगतान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनके साथ शाखा प्रबंधक अनुराग अंजन सिंह , मुख्य बीमा सलाहकार सतीश , अभिकर्ता कन्हैया यादव ,राजेश यादव, रामविलास यादव, अशोक यादव ,सहित काफी संख्या में रहे । ग्रामीणों ने प्रोडक्ट मैनेजर से बीमा के लिए जानकारियां भी ली।

## संक्षिप्त खबरें

### जूनियर हाईस्कूल भलुही मदारीपट्टी के बच्चों को भेंट हुई शिक्षण सामग्री

प्रखर कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नं. 12 शहीद वीर अब्दुल हमीद नगर के भलुही मदारीपट्टी स्थित जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को वार्ड वासी बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में हिंदी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 गौरव तिवारी की बिटिया लाडली सिद्धि के जन्मदिन के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा जन सहयोग से चलाए जा रहे पढ़ेगा भारत : बढ़ेगा भारत अभियान को गति देते हुए तिवारी परिवार के सहयोग से बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, कलम इत्यादि भेंट कर पढ़ने और आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ बिटिया ने केक भी काटा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने कहा कि ज्ञान दान सभी दान में श्रेष्ठ है। इस कार्य की जितनी सराहना की जाय कम है। बच्चों को शिक्षण सामग्री का लाभ उठाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने बिटिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए आयोजन हेतु नयी दिशा और तिवारी परिवार को धन्यवाद दिया। डॉ0 गौरव तिवारी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए बच्चों से शिक्षा के संदर्भ में किसी भी जरूरत हेतु निःसंकोच संपर्क करने का आग्रह किया और स्वयं भी समय-समय पर बच्चों के बीच पूर्ववत आते रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ0 प्रतिभा तिवारी, उत्सव, सुदर्शन, सुमित्रा देवी, रमावती देवी, नयी दिशा उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### दीपों के पर्व दीपावली पर सजे स्कूल कॉलेज



प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को विभिन्न परिषदीय, इंटर व डिग्री कॉलेज में दीपोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान विविध प्रकार के दीपों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। क्षेत्र पिंडराई (पिंडरा) स्थित के डी महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में रंग-बिरंगे रंगोली एवं दीप सजाकर महाविद्यालय के गलियारों को रोशन किया। दीपोत्सव प्रतियोगिता में दीपों एवं रंगोली के साथ लोक-नृत्य एवं संगीत प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रबंधक मयंक सिंह एवं आदित्य सिंह के अलावा अध्यापकगण रहे।संस्थापक ओम प्रकाश सिंह एवं डॉ0 कुमुद सिंह ने स्वच्छ व सुंदर पर्यावरण को बनाये रखने के किए ईको फ्रेंडली विधि से त्योहार को मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावाक्षेत्र के कथौली स्थित मा शारदा महिला डिग्री कॉलेज, फूलपुर स्थित बीआर मेमोरियल डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोली व दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

### एसपी ने परेड की ली सलामी, किया पुलिस लाइन व समस्त शाखाओं का निरीक्षण



प्रखर जौनपुर। परेड के पश्चात एसपी द्वारा पुलिसकर्मियों के बैरक एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षक किया गया एवं साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। साथ ही पुलिस लाइन में स्थित भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, कैंटीन, यातायात कार्यालय, कंट्रोल रुम आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे । वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

### स्वयं सहायता समूह महिलाओं को किट बांटा गया



प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। सहजनवां तहसील क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय पाली में 10 नवम्बर दिन शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहद जिला जल प्रबंधन इकाई गोरखपुर अन्तर्गत पाली के खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार यादव व एडीओ पंचायत धर्मेन्द्र सिंह की उपस्थिति में स्वयं सहायता समूह के ग्राम पंचायत स्तर पर फिल्ड टेस्ट किट का वितरण किया गया है। ग्राम पंचायत में पीने योग्य पानी की जांच किट के माध्यम से सेमप्ल लेकर किया जायेगा। जिससे लोगों को पानी से होने वाली बिमारी से बचाया जा सके। पाली क्षेत्र में जीवाणु परीक्षण हेतु किट विडार, भैसला, सुरदही सिसई, मोहद्दीनपुर, धुरियापार सहित कई गांवों के लिए वितरण किया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं